www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 33.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 91.900g
चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 टैरिफ वार से मुकाबले को तैयार भारत, मुक्त व्यापार समझौते के मामले में सबसे आगे

ईद की खरीदारी के लिए निकली युवती गायब 04

वर्ष :08 | अंक :277 | मुंबई ,रविवार , 30 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगड़ के प्रेशर बम में विस्फोट, ग्रामीण महिला घायल

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाये गये प्रेशर बम की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायल महिला बोड़गा गांव की रहने वाली है। महिला महुआ बुनने जंगल गई थी। उन्होंने बताया कि जब वह इन्द्रावती नदी के ताड़ोपोट घाट पर बर्तन धोकर वापस जा रही थी तब आज सुबह लगभग 6.30 बजे वह माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर बम की चपेट में आ गयी। उन्होंने बताया कि इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2023-24 में भी माओवादियों के द्वारा लगाये गये बारूदी सुरंग की चपेट में आने से बोड़गा गांव के दो बच्चों की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ में भर्ती किया गया। बेहतर इलाज के लिए उसे मेडिकल कॉलेज जगदलपुर भेजा गया है।

### सीतापुर में सड़क पर गड्ढे के चलते स्कूटर से गिरकर महिला की मौत

उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के लहरपुर कोतवाली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे सर्विस रोड पर गड्ढे के कारण एक महिला की स्कूटर से गिरकर मौत हो गयी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र की निवासी रानी रस्तोगी (50) अपने बेटे मनीष के साथ स्कूटर से सीतापुर में नेत्र चिकित्सालय जा रही थी तभी यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, स्कूटर का अगला टायर सड़क पर बने गड्ढे में फंस गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया।

उन्होंने बताया कि रानी रस्तोगी स्कूटर से गिर गयी और उनके सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी तत्काल मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।रानी के बेटे मनीष रस्तोगी ने बताया कि उनकी मां की मौत का कारण सड़क पर बना बड़ा गड्ढा है। उन्होंने बताया, सड़क पर बने बड़े गड्ढे के कारण मां स्कूटर से गिर गयी और सिर में चोट लगने से उनकी मौत हो गयी। स्थानीय निवासियों ने भी अपना गुस्सा जाहिर किया और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों पर लापरवाही बरतने और सड़कों की मरम्मत में विफल रहने का आरोप लगाया।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में 17 नक्सलियों का एनकाउंटर

## इनमें 11 महिलाएं; 12 साल पहले 27 कांग्रेस लीडर्स के हत्याकांड में शामिल कमांडर भी मारा गया

**सर्च ऑपरेशन में मिले हथियार**

▶▶घटना स्थल से 2 एके-47, 2 इंसास रायफल, 1 एसएलआर रायफल, 4 भरमार, 1 सिंगल शॉट, 1- 0.22 हथियार व 1 देशी कट्टा, बीजीएल सेल, कारतूस, मैगजीन सहित अन्य भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया है.




एजेंसी

सुकमा , छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) औरसीआरपीएफ के 500-600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें 11 महिला नक्सली हैं। मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में हुई।मारे गए नक्सलियों में नक्सल संगठन रेउट- स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। बुधरा पर 25 लाख का इनाम घोषित था। वह दरभा घाटी के झीरम कांड में शामिल था। 2013 में हुई इस वारदात में कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े कांग्रेसी लीडर मारे गए थे।इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने इस साल अब तक 100 नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। इसमें 20 मार्च से 29 मार्च के बीच, यानी 10 दिन में ही 49 नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ में डीआरजी के 3 और उफढक्र का एक जवान भी घायल हुए। फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं। डीआरजी ने बताया कि ऑपरेशन खत्म हो चुका है। डीआरजी के जवान नक्सलियों के शवों को कंधे पर लादकर करीब 10 किलोमीटर पैदल चलकर जंगल से लौट आए हैं।

### नक्सलवाद पर एक और प्रहार- अमित शाह


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। ऑटोमेटिक हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं।शाह ने कहा कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास से ही बदलाव लाया जा सकता है। नक्सलियों से हथियार छोड़कर सरेंडर करने की अपील की गई है।



5 लाख का इनामी नक्सली : केरलापाल नक्सली मुठभेड़ में 12 साल पहले हुए झीरम नरसंहार में कांग्रेस लीडर्स की हत्या करने वाले नक्सलियों में शामिल एक सदस्य को भी सुरक्षाबलों ने मार गिराया है. जगदीश उर्फ.बुधरा, एसजेडसी मेंबर को फोर्स ने ढेर किया है. जगदीश पिट्टेडब्बा गांव थाना कूकानार, जिला सुकमा का निवासी था.जिस पर 25 लाख का इनाम घोषित था. जगदीश दरभा डिवीजन इंचार्ज की जिम्मेदारी संभालता था. जगदीश साल 2023 में जिला सुकमा के अरणपुर में डीआरजी जवानों को आईईडी से उड़ाने वाली घटना में भी शामिल था.छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में 20 मार्च को 2 बड़ी मुठभेड़ हुईं। इनमें 30 नक्सली मारे गए। पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर हुई। बस्तरआईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि बीजापुर में हुई मुठभेड़ में 26 नक्सलियों को मारा गया। इसी मुठभेड़ में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान भी शहीद हुआ। वहीं कांकेर इलाके में हुई मुठभेड़ में भी 4 नक्सलियों को ढेर किया गया।

### नक्सलवाद जड़ से खत्म करने का काम कर रहे जवान- मुख्यमंत्री साय

वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलवाद के नासूर को खत्म करने की दिशा में छत्तीसगढ़ ने कदम बढ़ा दिए हैं। सुरक्षाबलों के जवान नक्सलियों की मांद में घुसकर उनको जड़ से खत्म करने का काम कर रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है, उनकी बहादुरी को नमन करता हूं।गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार एक भी गोली चलाना नहीं चाहती। सरेंडर पॉलिसी बहुत अच्छी है। नक्सलियों को सरेंडर करना चाहिए।



# फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप , म्यांमार भूकंप में अब तक 1000 लोगों की मौत:2400 घायल

'आंखों के सामने बिल्डिंग गिरते देखी, ये बहुत डरावना था':म्यांमार-थाईलैंड में भूकंप, बैंकॉक में रह रहे भारतीय बोले- ऐसा पहले कभी नहीं देखा

एजेंसी

**नयी दिल्ली**। नेपीदा ,म्यांमार में शनिवार दोपहर 3:30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे ने जताई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे।रॉयटर्स के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,002 हो चुका है, जबकि 2400 से ज्यादा लोग घायल हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है।म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है।

### मोदी ने सैन्य सरकार के प्रमुख से बात की



### भारत ने म्यांमार भेजी 15 टन राहत सामग्री और 80 रेस्क्यू वर्कर्स

भूकंप के बाद भारत ने म्यांमार में 15 टन राहत सामग्री और एनडीआरएफ के 80 बचाव कर्मियों का एक दल भेजा है। इसे ऑपरेशन ब्रह्मा नाम दिया गया है।वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने म्यांमार की जनता सरकार के प्रमुख जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बातचीत की। पीएम ने कहा कि करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।



### थाईलैंड पीएम बोलीं- देश के हालात सामान्य हुए

थाई प्रधानमंत्री पाईतोंग्तार्न शिनवात्रा ने शनिवार को कहा कि शुक्रवार को आए भूकंप के बाद देश में हालात सामान्य हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बैंकॉक में सिर्फ एक इमारत गिरी थी, जो कि अंडर कंस्ट्रक्शन थी। उसके अलावा किसी और इमारत पर कोई असर नहीं पड़ा था।

### स्कूली बिल्डिंग के मलबे में फंसे बच्चों को ढूढ़ते रेस्क्यू वर्कर्स

म्यांमार के मांडले में विजडम विला प्राइवेट हाई स्कूल की बिल्डिंग ढह गई। मलबे में कई छात्रों के दबे होने की आशंका है। शनिवार को बचावकर्मियों ने स्टूडेंट्स के नाम पुकारे ताकि अगर कोई छात्र जिंदा हो तो उसे बचाया जा सके। थाईलैंड में आए भीषण भूकंप के दौरान बैंकॉक के डॉक्टरों ने हॉस्पिटल के बाहर सड़क पर एक बच्चे को जन्म दिया। महिला बच्चे को जन्म देने के लिए हॉस्पिटल गई हुई थी।

# अरबपतियों के कर्जा माफ की सजा भुगत रहे बैंक कर्मी

## केंद्र की भाजपा सरकार पर बरसे राहुल गांधी

एजेंसी

> बैंकों द्वारा लगाए गए शुल्कों की सूची देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि दर्दनाक मूल्य वृद्धि और बेलगाम लूट भाजपा का मंत्र है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि एटीएम से पैसे निकालने का शुल्क महंगा होगा।

पूर्व कर्मचारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बीते दिन लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की. मुलाकात के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है.लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार ने अपने अरबपति दोस्तों का 16 लाख करोड़ रुपये का ऋण माफ कर दिया है. नियामक कुप्रबंधन के साथ-साथ भाई-भतीजावाद ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र को संकट में डाल दिया है.



जिससे इसका बोझ जूनियर कर्मचारियों पर पड़ता है, जो तनाव और स्थितियों को झेलते हैं.आईसीआईसीआई बैंक के 782 पूर्व कर्मचारियों की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने कल संसद में मुझसे मुलाकात की. उनकी कहानियों से एक परेशान करने वाला पैटर्न सामने आया है. कर्मचारियों को एनपीए उल्लंघनकर्ताओं को अनैतिक ऋण देने का खुलासा करने के कारण प्रतिशोध झेलना पड़ा. साथ ही कर्मचारियों का जबरन स्थानांतरण किया गया और उनका वर्कप्लेस पर उत्पीड़न किया गया. इसके कारण दो मामलों में आत्महत्याएं भी हुई हैं.राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आगे लिखा कि बीजेपी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन का मानवीय खामियाजा भुगतना पड़ रहा है. ऐसे में कांग्रेस इन कामकाजी वर्ग के पेशेवरों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ेगी

### राष्ट्रपति मुर्मू ने चैत्र शुक्लादि और गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को चैत्र शुक्लादि, उगादि, गुड़ी पड़वा, चेटी चंद, नवरेह और साजिबू चेइराओबा त्योहारों की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने एक संदेश में कहा कि वसंत ऋतु के आगमन पर मनाए जाने वाले ये त्योहार भारतीय नववर्ष के आरंभ का प्रतीक हैं।राष्ट्रपति ने कहा, ये त्योहार हमारी सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं।

# पश्चिम बंगाल के मालदा में हिंसा- इंटरनेट बंद, 34 गिरफ्तार

## उपद्रवियों ने दुकानें-गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा; कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

### टीएमसी ने कहा- अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति बनाए रखें

मोथाबाड़ी से तृणमूल कांग्रेस की विधायक सबीना यारस्मीन ने कहा कि हिंसा प्रभावित इलाकों में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। हमने सभी से शांति की अपील की है। प्रशासन ने शांति समिति की बैठक बुलाई है, जिसमें दोनों समुदायों के लोग मौजूद रहेंगे। हमने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा है।

एजेंसी

मालदा , पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को डीएम और एसपी से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।रिपोर्ट्स के मुताबिक 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। इस दौरान भीड़ ने दुकानों, घरों और गाड़ियों में तोड़फोड़ और लूट की।पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे।



# मंदिरों के पास मीट की दुकानें न खुलें:योगी

## नवरात्रि में 24 घंटे का अखंड पाठ हो; बिजली विभाग में ईद की छुट्टी कैंसिल

**मंदिर में क्राउड कंट्रोल की योजना लागू की जाए**

योगी ने कहा- नवरात्रि पर देवीपाटन मंदिर, बलरामपुर, शाकंभरी देवी मंदिर सहारनपुर, विंध्यवासिनी देवी धाम, प्रमुख देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। सूर्य तिलक का दर्शन करने अयोध्या में पूरे देश से लोग जुटेंगे। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े सभी प्रबंध किए जाएं। क्राउड कंट्रोल की योजना लागू की जाए।

एजेंसी



लखनऊ ,सीएम योगी ने नवरात्रि को लेकर कहा- 9 दिन तक बिजली कटनी नहीं चाहिए। 24 घंटे बिजली आनी चाहिए। इसके अलावा मंदिरों के आस-पास अंडे और मीट की दुकानें भी नहीं लगनी चाहिएं। बूचड़खानों को तुरंत बंद किया जाए।यह बात योगी ने शनिवार को लखनऊ में सीनियर अफसरों के साथ बैठक में कही। यह बैठक नवरात्र और रामनवमी को लेकर हुई। कहा- सभी 75 जिलों में 24 घंटे का रामचरितमानस का अखंड पाठ कराया जाए।

### श्रद्धालुओं के लिए जूट मैटिंग बिछाई जाए

योगी ने कहा- कतारबद्ध श्रद्धालुओं को तेज धूप में खड़े होने में समस्या न हो। इसके लिए जूट मैटिंग बिछाई जाए।

# फिलिस्तीन के समर्थन में निकाला जुलूस, आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज

☛ जम्मू-कश्मीर के बडगाम में शुक्रवार को जुमे की नजाम के बाद यौम-ए-कुद्स जुलूस निकाला गया, जिसमें कथित तौर पर आपत्तिजनक नारे लगाए.

एजेंसी

श्रीनगरः जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बडगाम जिले में शुक्रवार को एक जुलूस में आपत्तिजनक नारे लगाने और कानून-व्यवस्था को बाधित करने के आरोप में आयोजकों और प्रतिभागियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बडगाम जिले के बीरवाह के सोनपाह गांव में यौम-ए-कुद्स जुलूस के आयोजकों और प्रतिभागियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.कश्मीर में रमजान के आखिरी शुक्रवार को यौम-ए-कुद्स या कुद्स दिवस मनाया जाता है।



**हुंकार** लालू पर किया तगड़ा वार

# बीजेपी का मिशन बिहार, दिल्ली में जेपी नडडा ने भरी हुंकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित किया। यह कार्यक्रम पूर्वांचल मोर्चा की ओर से बिहार दिवस पर आयोजित किया गया था। इस दौरान जेपी नड्डा ने साफ तौर पर कहा कि दिल्ली में अमावस्या का समय था। अंधेरे का माहौल था जिससे दिल्ली विकास नहीं, विनाश के रास्ते की ओर बढ़ रहा था। लेकिन दिल्ली वालों ने भाजपा के नेतृत्व को मौका दिया और अब यह नई दिशा और उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ने लगा है। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से अपील भी की दिल्ली हम जीत गए हैं, अब बिहार चुनाव की बारी है। नड्डा ने कहा कि



जहाँ पूर्वांचल चल पड़ता है वहां देश आगे बढ़ता है। इतिहास इस बात का गवाह है कि चाणक्य की भूमि बिहार रही है तो महात्मा गांधी और लोकनायक का आंदोलन भी बिहार की भूमि से ही शुरू हुआ है। विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार की भूमि से मिली है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी कोने में जायें...हमें मैथिली, मगही या भोजपुरी बोलने वाले मिल जाएंगे। ईमानदारी से अपने काम को करने की ताकत इसी बिहार की धरती के लोगों में हैं। राजद पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए बिहार को लालू राज ने डूबता हुआ बिहार बना दिया था। एक समय ऐसा आया था कि शाम 5 बजे के बाद लोगों का बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया था।

> नड्डा ने कहा कि जहाँ पूर्वांचल चल पड़ता है वहां देश आगे बढ़ता है। इतिहास इस बात का गवाह है कि चाणक्य की भूमि बिहार रही है तो महात्मा गांधी और लोकनायक का आंदोलन भी बिहार की भूमि से ही शुरू हुआ है।

उन्होंने कहा कि अपने बचपन के दौरान मैंने गंगा किनारे गांधी सागर सेतु को बनते हुए देखा है, निर्माण कार्य कई दशकों तक चलता रहा। आज बिहार में गंगा किनारे मरीन ड्राइव बन चुका है। सड़क और रेल के बड़े ब्रिज बन चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष-2005 में बिहार में ग्रामीण सड़क केवल 384 किमी थी, वहीं आज 1 लाख 12 हजार कि.मी. सड़क बन चुकी है। बिहार में एक्सप्रेस-वे बन चुके हैं। आईआईटी पटना की सौगात मोदी जी ने बिहार को दी है। लालू जी से लोग सड़क बनाने की बात करते थे तो कहते थे कि सड़क बन जाएगी तो पुलिस आजाएगी, ये बेवकूफी ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि कभी आपने सोचा था कि पूर्णिया, सारण, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई जैसे शहरों में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे। मोदी जी के नेतृत्व में पटना में एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल बनने वाला है। वहीं, एक्स पोस्ट में नड्डा ने लिखा कि आज नई दिल्ली में 'बिहार दिवस-2025 के अंतर्गत आयोजित 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत, स्नेह मिलन कार्यक्रम' में सहभागिता कर पूर्वांचल के हमारे भाई-बहनों को संबोधित किया।

# युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए राजस्थान सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री शर्मा



❍ मिशन ओलंपिक-2028 के तहत 50 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा और जयपुर में 20 करोड़ की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स की स्थापना की जाएगी।

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार हर खिलाड़ी को पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार ने वर्ष 2024-25 में 1614 खिलाड़ियों को 34 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृत की है। शर्मा ने राजस्थान दिवस समारोह के तहत रन फॉर फिट राजस्थानदौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं भी दौड़ में शामिल होकर प्रदेशवासियों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि फिटनेस केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारे जीवन की प्राथमिकता होनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि हमने फिट राजस्थान अभियान शुरू करने का संकल्प लिया था, रन फॉर फिट राजस्थान इसी संकल्प का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ भूखंड आवंटन, सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता और रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीमसे खिलाड़ियों को सुरक्षा कवच भी दिया जा रहा है।

# सम्पादकीय

## तकनीकी स्पर्धा का रोमांचकारी दौर, नवाचार और डिजिटल आर्थिकी के दूसरे चरण में प्रवेश के लिए तैयार भारत

वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को अब एक भू-राजनीतिक युद्ध के मैदान से बदला जा रहा है जहां यह मुकाबला चल रहा है कि तकनीक के भविष्य इसके मानकों और इसकी पहुंच को आकार देने में कौन बाजी मारेगा। इस अघोषित युद्ध के मैदान को समझने की जरूरत है। इसमें न तो यह देखा जा रहा है कि कौन आइपी पंजीकृत करता है न ही यह वैज्ञानिक मान्यता की स्पर्धा है। अमेरिकी मतदाताओं ने 7 नवंबर 2024 को एक बड़ा फैसला लिया। नए राष्ट्रपति के चुनाव से कहीं अधिक यह वामपंथ और वैश्विकवाद से हटकर अमेरिका फर्स्ट यानी अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देने के लिए वोट करने का फैसला था। यह बदलाव वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य और प्रौद्योगिकी के आगामी दशक अर्थात टेकेड को भी नए सिरे से परिभाषित करता है। राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी पारी की शुरूआत के बाद से वह निरंतर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस क्रम में वह अपनी नई रणनीतियों को मूर्त रूप देते जा रहे हैं या उसके प्रति संकल्प दोहरा रहे हैं। इसमें पूर्व के राष्ट्रपतियों की गूढ़ता, सूक्ष्मता, क्रमिकता और वैश्विकता का कोई अंश नहीं है और न ही कोई अनिश्चय का भाव ।इलेक्ट्रानिक्स के मोर्चे पर एपल इंक द्वारा 500 अरब डालर का निवेश, सेमीकान फैब्स में टीएसएमसी द्वारा 100 अरब डालर का निवेश, मासायोशी सोम सहित एक समूह का 500 अरब डालर का स्टारगेट एआइ निवेश, राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ रणनीति अपने समग्र प्रभावों में वैश्विक अर्थव्यवस्था में तीव्र रफ्तार से विस्तार ले रही तकनीकी एवं नवाचारी अर्थव्यवस्था में गहरे परिवर्तनों का आधार बन रही है। स्पष्ट है कि अगला टेकेड पिछले दशक जैसा नहीं रहेगा ।प्रौद्योगिकी को वैश्विक सहयोग के क्षेत्र के रूप में देखा जाता था, जिसमें विशेषकर इंटरनेट पूरी दुनिया को जोड़ने का आधार बना। विश्व व्यापार संगठन यानी डब्ल्यूटीओ से एक अर्थ में इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर मूल्य शृंखलाओं के इस प्रकार के रचनात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहन मिला। हालांकि इन सभी संकेतों और अस्पष्ट लक्ष्यों से इतर एक पहलू यह भी है कि चीन का अपना एक पृथक इंटरनेट और डाटा इकोनमी-इकोसिस्टम है, जिसमें उसके अपने बाजारों तक सीमित पहुंच है। चीन ने पश्चिम से टेक आरएंडडी अपनाकर अपने संदिग्ध तौर-तरीकों से वैश्विक जीवीसी में पहले मजबूती से उपस्थिति दर्ज कराई और कालांतर में प्रौद्योगिकी परिदृश्य पर लंबे समय से अग्रणी रहने वाले अमेरिका के लिए एक प्रतिस्पर्धी के रूप में भी वह उभरा है। इसी क्रम में उभरती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ जैसी नई तकनीक में चीनी डीपसीक ने अमेरिकी के संभावित प्रभुत्व को चुनौती देने का काम किया ।इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रौद्योगिकी परिवर्तनकारी होती है और यह नई व्यवस्था का निर्माण करेगी।

# आज का विचार







**मेष राशि:** मेष राशि के जातको के मन में कुछ उलझने रहने से आपका मन परेशान रहेंगा. आपको कार्य क्षेत्र में बेवजह के बाद विवादों में पडने से बचना होगा, क्योकि इसका असर आपके प्रमोशन पर भी पड़ेगा.

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों के घर कल किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है. आप अपने कामों में कोई बदलाव न करें, जिससे दूर रह रहे परिजन की आपको याद सता सकती हैं. राजनीति में कार्यरत व्यक्तियों का अच्छा लाभ मिलेगा और उन्हें कोई बड़ा पद भी मिलने की संभावना है.

**मिथुन राशि:** कल का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में सफलता दिलाने वाला रहेगा. आप अपने शत्रुओं पर आसानी से विजय प्राप्त कर सकेंगे. व्यापार में आपको अच्छी उन्नति मिलेगी. आपकी इन्कम के सोर्स बढ़ेंगे.

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन तनाव ग्रस्त रहने वाला है. भाई व बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन आपके मन में किसी बात को लेकर टेंशन रहने से आप पर तनाव भरपूर रहेगा. आपको बिजनेस में लेनदेन से संबंधित मामले पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों के सोचे समझे काम पूरे होंगे. आपको किसी पुरस्कार के मिलने की भी संभावना है. आप कुछ नए संपर्कों से लाभ उठाएंगे, लेकिन आप किसी काम में बिना सोचे समझे हाथ ना डालें. आपको उलझने अधिक रहने से आपकी समस्याएं बढ़ेगी.

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातको के लिए कल कुछ रोजगार के नए-नए अवसर मिलेंगे. आप किसी से तर्क वितर्क में न पड़ें. आपको अच्छी सफलता मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा. अपने रोजगार में अच्छी योजना को लेकर काफी खुश रहेंगे. संतान को तरक्की करते देगा आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा. आपको कुछ ईर्षालु व झगड़ालु लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है.

**तुला राशि :** तुला राशि के जातक को कल अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है. कार्य क्षेत्र में आपको कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश करेगा. आपकी कोई प्रॉपर्टी को लेकर डील अटक सकती है. माताजी का कोई पुराना रोग उभरने से आपकी समस्या बढ़ेंगी.

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातक अपने बढ़े हुए खर्चों को लेकर परेशान रहेगे. आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा. अध्ययन व आध्यात्म के प्रति आपकी रुचि रहेगी. कल आपकी समस्याएं बढ़ सकती है.

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों की कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है. आप अपने रुके हुए काम को भी योजना बनाकर निपटाने की कोशिश करेंगे, तभी वह पूरे होंगे. आपके बिजनेस में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा. राजनीति की ओर कदम बढा रहे लोगों को सलाह मश्वरे से आगे बढ़ाना बेहतर रहेगा.

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी. परिवार में किस सदस्य को नौकरी मिलने के कारण घर से दूर जाना पड़ सकता है. हजार किसी नये वाहन मकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं.

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातक कल अपने आवश्यक कामों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. आप सोच समझ से कामों को करेंगे, तभी आपके सभी काम आसानी से निपट पाएंगे. प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी.

**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों को अपने कामों को लेकर कुछ चिंता रहने वाली है. आपको किसी प्रकार का कोई नुकसान होने से आपका मन परेशान रहेगा. आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचे, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# टैरिफ वार से मुकाबले को तैयार भारत, मुक्त व्यापार समझौते के मामले में सबसे आगे

> अब दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूती देने तथा पिछले वर्ष की गई व्यापार वार्ताओं को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी अप्रैल में श्रीलंका जाएंगे। बीते वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत के साथ वार्ता में आइटी फार्मा फिनटेक बुनियादी ढांचे आदि क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जो प्रभावी व्यापार वार्ता की थी वह शीघ्र ही द्विपक्षीय व्यापार समझौते का रूप ले सकती है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति ने दुनिया में बहुराष्ट्रीय व्यापार समझौतों के समक्ष नई चुनौती पेश कर दी है। इससे पार पाने के लिए द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का जो नया दौर शुरू हुआ है, उसमें भारत सबसे आगे है। भारत की इस नई व्यापार रणनीति में कुछ महत्वपूर्ण बातें दिखाई दे रही हैं। पहली, अब लंबे समय तक व्यापार वार्ता चलाने के बजाय व्यापार वार्ता शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाए। दूसरी, व्यापार वार्ता के तहत मुख्य कारोबारी मुद्दों जैसे शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर शुरूआत में ही प्राथमिकता के साथ मंथन किया जाए। तीसरी, व्यापार वार्ता में भारत के लिए सिरमौर बने हुए सेवा निर्यात के साथ-साथ इलेक्ट्रानिक्स, केमिकल्स और आटोमोटिव सेक्टर को विशेष रूप से शामिल कराने पर ध्यान दिया जाए। इससे वैश्विक वैल्यू चेन में भी भारत की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ती हुई दिखाई देगी, जो अभी सिर्फ 3 .3 प्रतिशत है। हाल में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत आए थे। उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से व्यापार, कृषि, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। पिछले 10 वर्षों से धीरे-




धीरे आगे बढ़ रही भारत-न्यूजीलैंड व्यापार वार्ता को अब महज 60 दिन में पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है। भारत ने अमेरिका से टैरिफ को लेकर वार्ता तेज कर दी है। इसी सिलसिले में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि इस समय भारत दौरे पर हैं ।विगत दिनों प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने भी दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौते को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया। दोनों नेताओं ने इस बारे में अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष के अंत तक मुहर लगाई जाए। इसी तरह प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान भारत-अमेरिकी द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डालर करने का लक्ष्य रखा गया। पिछले माह ब्रिटेन के कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने भी कहा कि भारत के साथ पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है ।इस समय दुनिया में द्विपक्षीय व्यापार समझौते नए सिरे से दोबारा अहम हो गए हैं। इसे देखते हुए भारत द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं को पूर्ण करने और मुक्त व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन के लिए तत्परता से आगे बढ़ रहा है। गत वर्ष इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में भारत विशेष आमंत्रित देश के रूप में शामिल हुआ था। तब सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं हुई थीं। इसी तरह 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण शृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डालर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा ।वहीं न्यूयार्क में भारत और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में कई व्यापार समझौतों के साथ कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने का करार हुआ। कजान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन का भारत ने द्विपक्षीय वार्ताओं के लिए रणनीतिक लाभ लिया। इसके साथ ही भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसके बाद भारत और चीन के बीच संबंधों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। इसके अलावा भारत कई और व्यापार वार्ताओं को भी तत्परता से आगे बढ़ा रहा है ।गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने ब्राजील, नाइजीरिया और गुयाना का पांच दिवसीय दौरा किया था। वहां उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस, इटली, ब्राजील, सिंगापुर, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, नार्वे और स्पेन समेत कई देशों के नेताओं के साथ वार्ताएं कीं। फिर नाइजीरिया और गुयाना पहुंचकर इन देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की सार्थक वार्ताएं कीं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके भी अपने सबसे पहले राजकीय विदेशी दौरे पर भारत आए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता की ।अब दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूती देने तथा पिछले वर्ष की गई व्यापार वार्ताओं को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी अप्रैल में श्रीलंका जाएंगे। बीते वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत के साथ वार्ता में आइटी, फार्मा, फिनटेक, बुनियादी ढांचे आदि क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जो प्रभावी व्यापार वार्ता की थी, वह शीघ्र ही द्विपक्षीय व्यापार समझौते का रूप ले सकती है। नार्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की बातचीत शुरू हो सकती है। इसके साथ-साथ अब भारत ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, खाड़ी देश परिषद के साथ भी एफटीए को अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है ।ट्रंप के टैरिफ वार का भारत के निर्यात पर कोई ज्यादा असर नहीं होगा। इससे भारत के कुल निर्यात में तीन से 3 .5 प्रतिशत गिरावट आ सकती है। इस कमी की पूर्ति में नए द्विपक्षीय व्यापार समझौते और मुक्त व्यापार समझौते मददगार होंगे। निर्यात की इस कमी को मैन्यूफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र, दोनों से अधिक निर्यात के माध्यम से सरलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है।

# शहरों का घुटता आसमान

**विजय गर्ग**

आज से साढ़े तीन-चार दशक पहले तक स्थिति इतनी भयावह नहीं थी। तब सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों की संख्या काफी कम थी। हवा में मौजूद जहर को सोखने के लिए हमारे पास पर्याप्त मात्रा में पेड़ भी थे। लेकिन पिछले कुछ दशकों में स्थितियां बहुत तेजी से बदलीं। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार हो गई और विकास की अंधी दौड़ में पेड़ों को अंधाधुंध काटकर हमने उस सहारे को खुद से ही छीन लिया जो न केवल हमें तेज धूप में छाया दिया करता था बल्कि पर्यावरण संरक्षण की आश्वस्ति भी देता था।

हवा में घुलने वाला जहर उस जहरीले धुएं का परिणाम होता है, जो धुआं वाहनों से- कारखानों से और पटाखों से उत्सर्जित होता है। इस धुएं में शामिल कार्बन मोनो ऑक्साइड, सल्फर डाईआक्साइड, नाइट्रोजन डाईआक्साइड जैसी गैसें और सीसे के कण वातावरण को जहरीला कर देते हैं। ये जहर बच्चों और बुजुर्गों पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है।

हवा में घुलने वाला जहर उस जहरीले धुएं का परिणाम होता है, जो धुआं वाहनों से- कारखानों से और पटाखों से उत्सर्जित होता है। इस धुएं में शामिल कार्बन मोनो ऑक्साइड, सल्फर डाईआक्साइड, नाइट्रोजन डाईआक्साइड जैसी गैसें और सीसे के कण वातावरण को जहरीला कर देते हैं। ये जहर बच्चों और बुजुर्गों पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है।

राजधानी दिल्ली की हवा में घुले जहर ने एक बार फिर लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। राजधानियों की हवा में जहर की बात आमतौर पर मुहावरे में की जाती है, लेकिन दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों, शहरों में रहने वाले लोग सचमुच दमघोंटू हवा में सांस लेने को विवश हैं। सड़क पर बेतहाशा दौड़ रहे वाहनों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के



आसपास के इलाके के खेतों में जलाई जाने वाली पराली के धुएं ने सांस लेना दूभर कर दिया है। रही-सही कसर दीपावली पर हुई आतिशबाजी के धूम-धड़ाके ने पूरी कर दी। दिल्ली ही क्या, देश के अधिकांश शहरों की हवा में प्रदूषण की मात्रा दीवाली के दिनों में खतरनाक स्तर पर पहुंच जाती है। उदाहरण के लिए राजस्थान के कोटा शहर को लिया जा सकता है। हर साल करीब दो लाख बच्चे देश के शीर्षस्थ इंजीनियरिंग या मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की परीक्षा के लिए कोचिंग लेने के लिए कोटा आते हैं और इन छात्रों की आमद ने कोटा को आर्थिक समृद्धि के नवसोपान सौंपे हैं। यों भी बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता है और जिस इलाके में इतनी बड़ी संख्या में बच्चे रहते हों, उस इलाके के पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामान्य जन को भी अतिरिक्त रूप से संवेदनशील होना चाहिए। शहर के एक अस्थमा विशेषज्ञ ने दीवाली की रात कोटा की हवा में प्रदूषण की पड़ताल की तो पाया कि वहां की हवा में जहरीले कणों की मात्रा मानक स्तर से सात गुना अधिक है।

पिछले कुछ सालों में हम अपने स्वभाव से ही नहीं, अपने व्यवहार से भी हवा में जहर घोलने के आदी हो चुके हैं। वायु प्रदूषण की भयावहता का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूटीओ) वायु प्रदूषण को पब्लिक हेल्थ इमरजंसी अर्थात जन स्वास्थ्य के लिए आपातकाल कहता है। डब्ल्यूटीओ की एक रिपोर्ट के अनुसार वायु प्रदूषण के कारण हर साल दुनिया में करीब सात करोड़ लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। बर्मिंघम विश्विद्यालय ने अपनी एक शोध के दौरान दुनिया में निमोनिया के कारण होने वाली मौतों और वायु प्रदूषण के मध्य सीधा संबंध पाया। लंदन के किंग्स कॉलेज के एक अध्ययन में पाया गया कि वायु प्रदूषण युवाओं में कई मनोविकृतियों को जन्म देता है। सामान्य तौर पर माना जाता है कि वायु प्रदूषण के कारण मनुष्य के फेफड़ों पर बुरा असर पड़ता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पाया है कि वायु प्रदूषण शरीर के हर अंग पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जहरीली हवाओं का असर फेफड़ों में समा कर समस्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है।

वायु प्रदूषण के कारण व्यक्ति में तनाव पैदा करने वाले हार्मोनों का स्तर बढ़ जाता है और वह अवसाद का शिकार हो सकता है। बुजुर्गों में समझने की क्षमता में गिरावट संबंधी डिमेंशिया रोग हो जाता है। गर्भवती महिलाओं को गर्भपात जैसी समस्याओं का सामना करना होता है, गर्भस्थ शिशु का जन्म समय से पूर्व ही हो जाता है- जिससे उसका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। ब्रोंकाइटिस, अनिद्रा, यकृत के कैंसर, प्रजनन क्षमता में कमी, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग जैसे कितने ही रोग वायु प्रदूषण के कारण बढ़ रहे हैं। चीन में किए गए एक अध्ययन में तो यह भी पाया गया कि वायु प्रदूषण बच्चों को गणित और भाषा जैसे विषय सीखने पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

वस्तुतः वायु प्रदूषण अपनी चपेट में आने वाले व्यक्ति के जीवन से इस तरह खिलवाड़ करता है कि स्वास्थ्य की दृष्टि से पीढ़ियां प्रभावित होती हैं। शायद यही कारण है कि हमारे पुरखों ने अपने पर्यावरण के संरक्षण को एक जरूरी मुद्दा माना और वेदों ने लगातार प्रतीकों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। ऋग्वेद में एक स्थान पर पृथ्वीः पूः च उर्वी भव कह कर आह्वान किया गया है कि समस्त पृथ्वी और संपूर्ण परिवेश शुद्ध रहे, तभी जीवन का समग्र विकास हो सकेगा। अथर्ववेद में वायु को प्राण कहा गया है। वेदों के अनुसार वायु पिता के समान पालक, बंधु के समान धारक, पोषक और मित्रवत सुख देने वाली है। कहा तो यह भी गया है कि वायु अमरत्व की निधि है, क्योंकि वह हमें जीवन देती है। लेकिन बदलती हुई जीवन शैली ने हमारी पारंपरिक मान्यताओं से खिलवाड़ किया और मानो प्रदूषण ही हमारे लिए तरक्की का पर्याय बन गया।

इस वर्ष भी जब कुछ संवेदनशील लोगों ने वातावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए दीवाली के पूर्व पटाखों के संयमित उपयोग की बात की, तो कतिपय लोग तरह-तरह के कुतर्क से आतिशबाजी के समर्थन में उतर आए। कुछ लोगों का तो यहां तक कहना था कि दीवाली पर जो आतिशबाजी प्रारंभ से हो रही है, उसके खिलाफ बोलना वस्तुतः एक सुनियोजित साजिश है। ऐसा कुतर्क देने वाले इस ऐतिहासिक तथ्य को भी बिसरा बैठे कि जिन रामचंद्र की अयोध्या वापसी का संदर्भ दीपावली से जोड़ा जाता है

# मानवता के महान रक्षक भगवान झूलेलाल

**(अंजनी सक्सेना)**

भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद् गीता में अर्जुन से कहा है कि जब-जब इस धरती पर धर्म की हानि होती है, अधर्म, अन्याय और अत्याचार में वृद्धि होती है, तब-तब धर्म की स्थापना के लिए मैं या मेरा कोई प्रतिनिधि इस धराधाम पर अवतरित होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की वाणी कितनी सार्थक और सत्य है, इसके अनेक प्रमाण हमारे धर्मग्रंथों में मिलते हैं। इस तरह का ही एक प्रमाण है भगवान झूलेलाल के अवतरण का, जिन्होंने मानवता की रक्षा के लिए अवतार लिया इसीलिए सिन्धी समाज उन्हें भगवान के रूप में स्मरण करता है ।महान देशभक्त, पराक्रमी और बलिदानी राजा दाहर सेन के पराजित होने के बाद भारत के उत्तर पूर्वी भाग (पंजाब और सिंध) पर मुस्लिम आक्रांताओं का शासन हो गया। लेकिन इस भू-भाग पर खलीफाओं का सीधा नियंत्रण नहीं हो सका। इसका प्रमुख कारण यह था कि यह भू-भाग काफी दूर था परिणामस्वरूप खलीफा ने पंजाब एवं सिंध के भू-भाग को कई हिस्सों में विभाजित कर दिया तथा इस क्षेत्रों को कई नवाबों के आधीन कर दिया। खलीफा इन नवाबों से केवल टैक्स लेते थे। खलीफा का सीधा नियंत्रण न होने के कारण इन नवाबों में से अनेक ने अपनी शक्ति बढ़ा ली तथा वे स्वतंत्र शासक की तरह कार्य करने लगे। धीरे धीरे खलीफा का नियंत्रण भी उन पर ढीला होता गया, कई नवाबों ने कर देना बंद कर दिया और वे निरंकुश होते गए। सिंध के इन निरंकुश नवाबों में सर्वाधिक क्रूर नवाब था ढटे का नवाब। मिरख शाह। उसकी निरकुंशता जब अपनी चरम सीमा पर पहुंची तो उसने यह एलान किया कि उसकी रियासत के तमाम हिन्दू अपना मजहब बदलकर इस्लाम कबूल कर लें ।उसने हिन्दुओं से यह साफ-साफ कह दिया था कि यदि उन्होंने अपनी इच्छा से इस्लाम धर्म नहीं अपनाया तो उनसे जबरन इस्लाम कबूल करवाया जाएगा तथा उनकी जमीन जायदाद छीन ली जाएगी। मिरख शाह के इस हुक्म से तमाम हिन्दुओं में दहशत और बैचेनी फैल गई। कुछ हिन्दुओं ने नवाब मिरख शाह से यह प्रार्थना की कि उन्हें कुछ दिन का समय दिया जाय ताकि वे अपने इष्टदेव की आराधना और प्रार्थना करके उनसे इस्लाम धर्म ग्रहण करने की अनुमति प्राप्त कर लें। अपने वजीर अही की सलाह पर नवाब मिरख शाह ने यह प्रार्थना स्वीकार कर ली। उनकी धारणा थी कि ये हिन्दू पानी को अपना परमेश्वर मानते हैं तथा मिट्टी और पत्थर की बेजान मूर्तियां पूजते हैं ये पानी, मिट्टी और पत्थर उनकी क्या मदद करेंगे इन्हें आखिर में इस्लाम कबूल करना ही होगा। उन दिनों सिंध भू-भाग के निवासी हिन्दू सिन्धु नदी के उपासक थे तथा इसी के प्रतीक स्वरूप वे जल के देवता वरुण के उपासक थे।

सिन्धु नदी एवं वरुण देवता के प्रति अटूट आस्था के फलस्वरूप ये सभी दिन हीन हिन्दू सिन्धु नदी के तट पर एकत्रित हुए। इन सभी ने संकल्प लिया कि यदि नवाब मिरख शाह द्वारा दी गई अवधि में उनके आराध्य वरुण देव ने उनकी करुण पुकार नहीं सुनी तो वे इस्लाम कबूल करने के बजाय सिन्धु नदी में ही कूद कर जल समाधि ले लेंगे। हजारों हिन्दू-स्त्री पुरुष और बालक सिन्धु नदी के तट पर एकत्रित होकर अपने आराध्य देव वरुण देवता की उपासना एवं प्रार्थना करने लगे। सात दिनों तक इन धर्मनिष्ठ नर-नारियों ने न तो कुछ खाया और न कुछ पिया। सिर्फ अपनी तथा अपने धर्म की रक्षा के लिए भगवान वरुणदेव को ही स्मरण करते रहे। इस प्रार्थना, उपासना और आराधना का परिणाम सामने आया। हजारों नर-नारियों के आर्तनाद से द्रवित हो, भगवान वरुण देव ने जल वाणी की कि 'मैं धर्म की रक्षा के लिए आ रहा हूं। सिन्धु नदी के तट पर नसरपुर ग्राम के लाहोणी रतन राय के घर में माता देवकी के गर्भ से मैं जन्म लेने जा रहा हूं। मैं मिरख शाह को ज्ञान दूंगा तथा सिन्ध क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि फैलाऊंगा।' इस भविष्यवाणी के अनुरूप ईस्वी 951 (संवत 1007 विक्रमी) में चैत्रमास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को शुक्रवार के दिन नसरपुर में रतनराय के घर माता देवकी के गर्भ से दिव्य गुणों से युक्त एक पुत्र ने जन्म लिया- जिसका नाम रखा गया उदय चंद्र, उदेराचंद्र उदेरोलाल और 'अमरलाल'।

# कभी किसानों की कर्जमाफी की बात नहीं कही...अजित पवार के बयान पर भड़की कांग्रेस, पूछा क्या हुआ तेरा वादा?

- किसान कर्जमाफी का नहीं किया वादा
- अजीत बोले, 31 तक वापस करो लोन
- कांग्रेस ने अजित पवार पर बोला हमला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में बजट सत्र के बाद अब किसानों की कर्जमाफी का मुद्दा गरमात दिखाई दे रहा है। महायुति सरकार द्वारा किसानों की कर्जमाफी पर अपना पक्ष साफ करने के बाद अब कांग्रेस ने इस मुद्दे पर हमला बोला है। शनिवार को महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष हर्षबर्धन सपकाल ने अजित पवार पर निशाना साधा और पूछा कि दादा क्या हुआ तेरा वादा? हर्षवर्घन सपकाल ने कहा कि कर्जमाफी नहीं होने वाला बयान किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और राज्य के वित्त मंत्री अजित पवार ने एक दिन पहले कहा था कि मैंने सदन में जवाब देते हुए भी कहा था कि सब कुछ पर ढोंग किया जा सकता है लेकिन पैसे के मामले में ऐसा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैंने अपने भाषण में कभी भी किसानों की कर्जमाफी के बारे में बयान नहीं दिया. मैं महाराष्ट्र के किसानों से साफ-साफ कह रहा हूं वे 31 मार्च तक अपने फसल लोन की राशि बैंकों में जमा करा दें। पवार ने यह बयान शुक्रवार को पुणे जिले के दौंड में कही थी।

### क्या बोले थे अजित पवार?

अजीत ने मालेगांव में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि लाडली बहना योजना की वजह से सरकार पर 40 हजार करोड़ का बोझ बढ़ गया है।

# आतंकी कसाब को दबोचने वाले वीर तुकाराम ओंबले के सम्मान में बनेगा स्मारक, महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला

26/11 मुंबई हमले में पाकिस्तानी के आतंकी अजमल कसाब को जिंदा पकड़ने के अपनी जान न्योछावर करने वाली वीर तुकाराम ओंबले का स्मारक बनेगा। महाराष्ट्र की सरकार ने शहीद पुलिसकर्मी की वीरता को बताने के लिए यह फैसला लिया है। फडणवीस सरकार ने स्मारक के लिए धनराशि का आवंटन कर दिया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

### सतारा में आने वाले गांव में होगा निर्माण



मुंबईः 26/11 मुंबई हमले में अदम्य साहस और वीरत का परिचय देने वाले शहीद पुलिसकर्मी तुकाराम ओंबले के सम्मान में एक स्मारक का निर्माण होगा। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली सरकार ने यह फैसला किया है। तुकाराम ओंबले ने ही आतंकी अजमल कसाब को जिंदा पकड़ा था। सरकार के तुकाराम ओंबले के स्मारक के लिए 13.46 करोड़ रुपये की मंजूरी की है। मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर वीर तुकाराम ओंबले का स्टैच्यू लगा है। 27 नवंबर 1954 को जन्में ओंबले ने 53 साल की उम्र में शहादत दी थी।

### कहां पर बनेगा स्मारक?

तुकाराम ओंबले के सम्मान में स्मारक उनके पैतृक जिले सतारा में बनेगा। तुकाराम ओंबले मौजे केडंबे गांव के रहने वाले थे। इस गांव में अब एक भव्य स्मारक बनेगा। सरकार ने निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने के 2.70 करोड़ रुपये की राशि प्रशासन को जारी कर दी है। 26/11 मुंबई हमलों के दौरान मुंबई पुलिस के जांबाज अफसर तुकाराम ओंबले ने अपनी जान पर खेलकर आतंकवादी अजमल कसाब को जिंदा पकड़ने में अहम भूमिका निभाई थी। ओंबले को उनकी बहादुरी के लिए उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। 26 नवंबर 2008 की रात मुंबई पर हुए आतंकवादी हमलों में 166 लोग मारे गए थे।

### बैरीकड पर थी ओंबले की ड्यूटी

मुंबई पर जब 10 पाकिस्तानी आतंकियों ने मुंबई पर हमला किया। उस वक्त पर पूरी मुंबई दहशत में थी। इनमें से दो आतंकी छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्टेशन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। इनमें एक अजमल कसाब और दूसरा अबू इस्माइल था। पुलिस ने आतंकियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और गिरगांव चौपाटी पर बैरिकेड लगाए थे। जैसे ही आतंकियों की कार बैरिकेड्स के पास आई, पुलिस ने फायरिंग की, जिसमें अबू इस्माइल मारा गया था।

### जिंदा पकड़ा गया था कसाब

अजमल कसाब ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, लेकिन तुकाराम ओंबले ने अपनी जान की परवाह किए बिना उस पर झपट्टा मारा दबोच लिया था। ओंबले ने उसकी अङ-47 को पकड़ लिया।

## फास्ट ट्रैक

# दिनांक 29/30.3.2025 को कल्याण-बदलापुर खंड पर विशेष मध्य रात्रि ब्लॉक तथा दिनांक 30.3.2025 को मध्य रेल के नेरल स्टेशन पर विशेष ब्लॉक रद्द किया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

दिनांक 29/30.3.2025 (शनिवार/रविवार मध्य रात्रि) को गर्डरों की डी-लॉन्चिंग के लिए कल्याण और बदलापुर के बीच विशेष मध्य रात्रि ब्लॉक तथा दिनांक 30.03.2025 रविवार को नेरल में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कमिशनिंग हेतु विशेष ब्लॉक रद्द किया जाता है।ब्लॉक के कारण रद्द/शॉर्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजिनेट की गई सभी उपनगरीय ट्रेनें अब अपने निर्धारित रूट और शेड्यूल के अनुसार चलेंगी।ब्लॉक के कारण डायवर्ट की गई सभी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें अब अपने निर्धारित रूट और शेड्यूल के अनुसार ही चलेंगी।

# कोंकण में येलो अलर्ट, भारी बारिश के बीच चक्रवात की चेतावनी, मछली पकड़ने वाली नावें किनारे पर लगीं

**कोंकण में बेमौसम बारिश ने आम-काजू उत्पादकों को चिंतित किया**

**मौसम विभाग ने तापमान में गिरावट और बारिश की चेतावनी दी**

**आम की फसल पर फफूंद रोग फैलने का खतरा बढ़ गया है**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई/रत्नागिरीः कोंकण में बेमौसम बारिश के कारण आम और काजू के बागवान चिंतित हैं। पिछले चार-पांच दिनों में कोंकण के कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई है। इस बारिश ने आम और काजू उत्पादकों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के कारण समुद्र में नावों को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। नावें समुद्र से लौट आई हैं। कोंकण और मध्य महाराष्ट्र में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। केरल से महाराष्ट्र तक कम दबाव का क्षेत्र बनने से मौसम बदल रहा है।मौसम विभाग के विशेषज्ञ सुप्रीत कुमार के अनुसार, अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। महाराष्ट्र में दो स्थानों पर 42 से 44 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। विदर्भ और मराठवाड़ा में तापमान 40 से 42 डिग्री दर्ज किया गया है। कोंकण क्षेत्र में दिन में गर्मी और शाम को बारिश का मौसम रहता है। तेज हवाओं के चलते मिरकरवाड़ा, राजीववाड़ा, मिर्या, साखरतर, जाकादेवी, कासरवेली, जयगढ़, नाटे और हरणे की अधिकांश नावें किनारे पर आ गई हैं।बिजली गिरने के साथ बारिश होने की संभावनाकर्नाटक समुद्र की ओर बढ़ रहे चक्रवात के कारण 29 और 30 मार्च के बीच कोंकण तट पर बिजली गिरने के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग की चेतावनी से आम उत्पादक चिंतित हो गए हैं और मछुआरों ने अपनी नावें तट पर खड़ी कर दी हैं। अगले दो दिनों तक दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। रात में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।इन इलाकों में अधिक तापमानइसके बाद तीन दिन तक कोई परिवर्तन नहीं होगा। लेकिन मई में पहले से ही तीव्र गर्मी पड़ रही है। बेमौसम बारिश और गर्मी के कारण स्थिति और खराब होती जा रही है। सबसे अधिक तापमान नागपुर, ब्रह्मपुरी, अकोला, वर्धा और अमरावती में दर्ज किया गया। कई इलाकों में तापमान 42 डिग्री से अधिक हो गया।

# आप लंबी उम्र जिएं... उद्धव ठाकरे ने फोन करके की तारीफ, जावेद खान ने जताया आभार

☞ शिवसेना ठाकरे गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने खुद जावेद खान को फोन किया। जय महाराष्ट्र का नारा लगाते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, आपने जो अच्छा काम किया है उसकी खबर मुझ तक पहुंची है। आप लंबी उम्र जिएं। इस पर जावेद खान ने कहा, सर, आपके फोन ने मेरा काम सार्थक कर दिया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः जाति, धर्म और रीति-रिवाजों की सभी बाधाओं को तोड़ते हुए जावेद खान ने एक ब्राह्मण व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया। इस घटना का वीडियो पूरे महाराष्ट्र में वायरल हो गया। जहां पूरे राज्य में जावेद खान की प्रशंसा हो रही है। वहीं उद्धव ठाकरे की प्रशंसा ने भी इसमें इजाफा कर दिया है। उद्धव ठाकरे ने जावेद खान की तारीफ की। उन्होंने खान को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए बधाई भी दी।

### ठाकरे ने फोन पर क्या कहा?

शिवसेना ठाकरे गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने खुद जावेद खान को फोन किया। जय महाराष्ट्र का नारा लगाते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि आपने जो अच्छा काम किया है उसकी खबर मुझ तक पहुंची है। आप लंबी उम्र जिएं। इस पर जावेद खान ने कहा, सर, आपके फोन ने मेरा काम सार्थक कर दिया। इस पर उद्धव ठाकरे ने कहा, आपने जो काम किया, वह मुझे बहुत पसंद आया। यह कहते हुए ठाकरे ने कहा, जय महाराष्ट्र।

### जावेद का जिक्र कैसे?

दरअसल पुणे के केंद्रीय आवासीय क्षेत्र रास्ता पेठ इलाके में एक बुजुर्ग बहन और भाई एक दूसरे के सहारे रहते थे। उनका कोई करीबी रिश्तेदार नहीं था। दुर्भाग्यवश 70 वर्षीय भाई सुधीर किंकले का उनके घर पर निधन हो गया। इस अचानक संकट के कारण और आस-पास मदद के लिए कोई न होने के कारण बुजुर्ग बहन इस दुविधा में पड़ गई कि अपने भाई का अंतिम संस्कार कैसे करें? यह भयावह स्थिति माइकल साठे के ध्यान में आई।

### जावेद से मांगी मदद

उन्होंने तुरंत उम्मत सामाजिक संगठन के अध्यक्ष जावेद खान से संपर्क किया और उन्हें इस असहाय बहन की दुर्दशा के बारे में बताया। साठे ने खान से अंतिम संस्कार में मदद करने का अनुरोध किया। रमजान का महीना और त्यौहारों के मौसम की हलचल के बावजूद जावेद खान ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपना सारा काम छोड़ दिया। तुरंत मदद करने के लिए तैयार हो गए और बड़ी बहन की मदद के लिए दौड़ पड़े।नागपुर हिंसा के बीच बढ़ा दो समुदायों में तनावनागपुर में हुई हिंसा के कारण पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में दो समुदायों के बीच तनाव पैदा हो गया है। लेकिन जावेद खान जैसे लोगों ने एहसास दिलाया कि मानवता अभी भी जीवित है। जावेद खान ने यह दशार्या कि जातिवाद से भी परे मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। जहां उनके उपवास रमजान के पवित्र महीने में शुरू होते हैं। उस समय खान ने भूख-प्यास को भूलकर मानवता को प्राथमिकता दी। जावेद खान को अंत तक दिवंगत सुधीर किंकले की बहन के साथ मदद करते देखा गया।

# महाराष्ट्र के 64 लाख किसानों के खातों में जमा होंगे 2555 करोड़ रुपये, कृषि मंत्री ने किया ऐलान

- 64 लाख किसानों के खाते में 2,555 करोड़ रुपये का बीमा मुआवजा जमा होगा
- आदिवासी समुदाय के लिए आदर्श ग्राम योजना लागू की जाएगी
- यवतमाल में एक किसान ने कर्ज के कारण आत्महत्या की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के लगभग 64 लाख किसानों के बैंक खातों में 2,555 करोड़ रुपये का बीमा मुआवजा सीधे जमा किया जाएगा। कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने बताया कि राज्य सरकार ने बीमा कंपनियों को बकाया राज्यांश सब्सिडी के रूप में 2,852 करोड़ रुपये के वितरण को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से पिछले सीजन की लंबित मुआवजा राशि सीधे किसानों के आधार-लिंक्ड बैंक खातों में जमा हो जाएगी। कोकाटे ने कहा कि बीमा कंपनियों को यह प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं और इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा।बीमा क्षतिपूर्ति के तहत 5 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। खरीफ और रबी 2022-23 सीजन के लिए 2.87 करोड़ रुपये खरीफ 2023 के लिए 181 करोड़ रुपये रबी सीजन 2023-24 के लिए 63.14 करोड़ रुपये और खरीफ सीजन 2024 के लिए 2,308 करोड़ रुपये किसानों को वितरित किए जाएंगे। चार लाख लाभार्थी किसानों को कुल 2,555 करोड़ रुपये का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार ने बीमा कंपनियों को धनराशि वितरित कर दी है और मुआवजा राशि तुरंत किसानों के खातों में जमा करा दी जाएगी। कोकाटे ने यह भी कहा कि इस फैसले से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।आदर्श ग्राम योजना

महाराष्ट्र सरकार आदिवासी समुदाय के जीवन स्तर को सुधारने के लिए आदर्श आदिवासी गांव योजना लागू करेगी। 13 जिलों के 59 तालुकाओं में प्रत्येक तालुका में कम से कम एक ग्राम पंचायत और उस ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों और पाड़ों को इस योजना के लिए चुना जाएगा। गांवों के विकास के लिए अगले दो सालों तक योजना बनाई जाएगी।किसान ने की आत्महत्या

उधर, यवतमाल में महागांव तालुका के घोंसरा के एक किसान ने लगातार फसल खराब होने से बढ़ते कर्ज के बोझ के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने वाले किसान का नाम सखाराम सुभाष जोलांडे (33) है। सखाराम के पास पांच एकड़ पैतृक जमीन है।इससे सूखे की स्थिति पैदा हो गई जबकि वे अपने परिवारों का भरण-पोषण करने की कोशिश कर रहे थे। जिला बैंक का लोन बकाया है।शोर भी बढ़ गया।इन सभी कर्जों को चुकाने की चिंता में उसने गुरुवार दोपहर खेत में एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों के कारण, 25 फरवरी से लेकर 01 मई, 2025 तक 66 दिनों का ब्लॉक निर्धारित किया गया था, उसे अब 10 मई, 2025 तक बढ़ा दिया गया है। इस ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी, जबकि कुछ ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन/विस्तार किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

आंशिक रूप से निरस्त होने वाली ट्रेनेंः

1. ट्रेन संख्या 22933 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सांगानेर में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा तथा यह ट्रेन 05 मई, 2025 तक सांगानेर और जयपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
2. ट्रेन संख्या 22934 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सांगानेर से शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा तथा यह ट्रेन 06 मई, 2025 तक जयपुर और सांगानेर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

ट्रेनों का विस्तारः

1. ट्रेन संख्या 20951 ओखा-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को 05 मई 2025 तक के लिए खातीपुरा स्टेशन तक बढ़ाया गया है।
2. ट्रेन संख्या 20952 जयपुर-ओखा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 06 मई, 2025 तक खातीपुरा स्टेशन से चलेगी।

ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तनः

1. ट्रेन संख्या 14702 बांद्रा टर्मिनस-श्री गंगानगर अरावली एक्सप्रेस को 09 मई, 2025 तक के लिए फुलेरा और रींगस के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। इसलिए, यह ट्रेन रेनवाल स्टेशन पर रुकेगी।
2. ट्रेन संख्या 14701 श्री गंगानगर-बांद्रा टर्मिनस अरावली एक्सप्रेस को 09 मई, 2025 तक के लिए रींगस और फुलेरा के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। इसलिए, यह ट्रेन रेनवाल स्टेशन पर रुकेगी।

# समृद्ध भारत की बुलंद तस्वीर : नया पांबन ब्रिज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

राष्ट्र सेवा को मंत्र मानकर माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता, अटूट संकल्प और दूरदर्शी सोच द्वारा भारत की आधारभूत संरचना को नए शिखर पर पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री जी की कर्मठता, अदम्य इच्छाशक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना ने हर ऐतिहासिक सपने को साकार किया है। उनके नेतृत्व में, भारतीय रेल भी विकास के आसमान में ऊंची उड़ान भर रही है। आए दिन नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रेलवे समृद्ध भारत के सफर में अपनी समुचित भागीदारी सुनिश्चित कर रही है।

तमिलनाडु के विशाल नीले समंदर पर निर्मित नया पांबन ब्रिज भी रेलवे विस्तार और इंजीनियरिंग कौशल की वो तस्वीर है जिसे देखकर हर भारतवासी को गर्व की अनुभूती होगी। यह भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज है, जो समुद्र के ऊपर से गुजरते हुए रामेश्वरम द्वीप को तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। यह पुल केवल दो स्थानों को जोड़ने का माध्यम ही नहीं, बल्कि नई तकनीक, आत्मनिर्भर भारत और तेज गति परिवहन का प्रतीक है।नए पांबन ब्रिज की अनूठी लिफ्ट प्रणाली बड़े जहाजों को भी आसानी से गुजरने की अनुमति देती है। मन्नार की खाड़ी पर स्थित यह पुल यातायात को सुगम बनाने के साथ अपने आप में एक ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व भी रखता है। आधुनिक तकनीक से निर्मित यह पुल भारतीय रेलवे के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जिससे आने वाले समय में समुद्री मार्गों पर निर्भर पर्यटन और व्यापार को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

### परिवहन के नए युग की ओर

भारत का पहला समुद्री पुल पांबन ब्रिज का निर्माण 1911 में शुरू और 1914 में इसे यातायात के लिए खोल दिया गया था। तब यह भारत का एकमात्र समुद्री पुल था जो सन 2010 में बान्द्रा-वर्ली समुद्रसेतु के खुलने तक भारत का सबसे लम्बा समुद्री सेतु रहा।

अपनी सेवा समय के दौरान इस ब्रिज ने कई विकट परिस्थितियां देखी और उनका डटकर सामना किया। 1964 में आए एक चक्रवाती तूफान ने इस पुल को बहुत नुकसान पहुंचाया था बावजूद इसके ये समुद्र की लहरों के बीच अडिग खड़ा रहा और लगभग 106 साल तक देशहित में समर्पित रहा।

21वीं सदी और बदलते भारत की परिवहन आवश्यकताओं ने पुराने पांबन ब्रिज के समक्ष कई तरह की नई चुनौतियाँ रख दी थीं। जिसे देखते हुए आधुनिक ट्रेनों और बड़े समुद्री जहाजों की आवश्यकताओं के अनुरूप एक नई संरचना की जरूरत महसूस की गई। इस जरूरत को पूरा करने के लिए 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इस नए ब्रिज के निर्माण की आधारशिला रखी गई। नवाचार का जूनून और विकास की अभूतपूर्व गति के कारण मात्र 4 साल में समुद्र पर इस अद्भुत निर्माण को पूरा कर लिया गया।

### पांबन ब्रिज की विशेषताएँ

2.08 किलोमीटर का ये भव्य संरचना पुराने पांबन ब्रिज से से 3 मीटर अधिक ऊँचा है, ताकि छोटे जहाज सुगमता के साथ इसके नीचे से होकर गुजर सकें। इस पूरे ब्रिज को बनाने में 18.3 मीटर के 99 स्पैन का प्रयोग किया गया है साथ ही ब्रिज के मध्य में 72.5 मीटर का एक वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे जरूरत पड़ने पर बड़े जहाजों के लिए 17 मीटर तक ऊपर उठाया जा सकता है।इस ब्रिज में 333 पाइल्स और 101 पाइल कैप्स का इस्तेमाल कर मजबूत आधार के साथ दोहरी रेल लाइनों के लिए डिजाइन किया गया है। जिसपर भारी-भरकम मालगाड़ियों के साथ वंदे भारत जैसी तेज गति से चलने वाली अत्याधुनिक सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें भी बड़े ही आसानी से गुजर सकती है। साथ ही इसकी सतह को 58 वर्षों तक सुरक्षित रखने के लिए उत्कृष्ट सुरक्षा प्रणाली अपनाई गई है। इस ब्रिज के निर्माण के दौरान समुद्री तूफानों, तेज हवाओं और ज्वार-भाटाओं जैसी परिस्थितियों का भी खास ध्यान रखा गया है। पॉलिसिलोक्सेन पेंट, स्टेनलेस स्टील और फाइबर रिइंफोर्स्ड प्लास्टिक के प्रयोग ने समुद्र के खारा पानी के बीच होते हुए भी इसे लंबे समय तक मजबूत और टिकाऊ बनाए रखेगा।

### निर्माण की उपलब्धियाँ

यह ब्रिज पुराने पुल की तुलना में अधिक टिकाऊ और अत्याधुनिक तकनीकों से बनाया गया है। इसका सब-स्ट्रक्चर भी तय समय सीमा से पहले ही पूरा कर लिया गया था, जो इसकी मजबूती को सुनिश्चित करता है। सटीक और अद्भुत इंजीनियरिंग के तहत इस पुल के लिए 99 स्पैन को एकल लाइन हेतु निर्मित कर उत्कृष्टता के साथ स्थापित किया गया है। इसकी निर्माण तकनीक और डिजाइन इसे केवल दक्षिण भारत में ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण संरचना बनाते हैं।

### डिजाइन में तकनीकी का समावेश

इस पुल का डिजाइन जहां इंटरनेशनल कंसल्टेंट ळढरअ द्वारा बनाया गया है तो वही ककळ चेन्नई व ककळ बॉम्बे द्वारा डिजाइन को सत्यापित किया गया है। उच्च ग्रेड सामग्री और स्टेनलेस स्टील के प्रयोग ने इसे एक दृढ़, सुरक्षित और कम रखरखाव वाली संरचना बना दिया है। ब्रिज के केंद्र में 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे जहाजों के आकार के हिसाब से ऊपर-नीचे किया जा सकता है।

### आस्था और प्रगति का संगम


पांबन ब्रिज का भगवान राम और भगवान शिव के साथ सीधा संबंध है। ये ब्रिज जिस द्वीप रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ता है, उसे हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। यहां स्थित रामेश्वरम मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिलिंगों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान श्रीराम लंका पर चढ़ाई करने जा रहे थे, तब उन्होंने इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी और भगवान शिव की पूजा की थी।पांबन ब्रिज से होकर गुजरने वाला मार्ग भगवान राम की लंका यात्रा का महत्वपूर्ण भाग माना जाता है, जिससे यह धार्मिक रूप से और भी विशेष हो जाता है। रामायण के अनुसार, भगवान राम और उनकी वानर सेना ने लंका जाने के लिए रामसेतु का निर्माण किया था, जो वर्तमान पांबन ब्रिज के पास स्थित है।ऐसे में नया पांबन ब्रिज श्रद्धालुओं के लिए रामेश्वरम की यात्रा को आसान और सुरक्षित बनाएगा। यह पुल आधुनिक तकनीक से निर्मित है, जिससे श्रद्धालु बिना किसी बाधा के भगवान शिव और भगवान राम से जुड़े स्थलों के दर्शन कर सकते हैं।

### एक गौरवशाली उपलब्धि

नया पांबन ब्रिज भारत की नवाचार क्षमता, अद्वितीय इंजीनियरिंग कौशल और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान का एक अद्भुत प्रतीक है। साथ ही भारत की तकनीकी प्रगति, आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता का भी जीवंत प्रमाण है। यह ब्रिज समुद्र की लहरों के ऊपर दृढ़ संकल्प की तरह खड़ा है, जो दो स्थानों को पाटने के साथ-साथ भारत की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति और भविष्य की असीम संभावनाओं को भी दशार्ता है।6 अप्रैल 2025 को राम नवमी के अवसर पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे। जिसके बाद यातायात और परिवहन को सुगम बनाते हुए यह ब्रिज पर्यटन, व्यापार और सांस्कृतिक संवाद को नया आयाम देगा, जिससे भारत की प्रगति और समृद्धि को और अधिक गति मिलेगी।

# पश्चिम रेलवे द्वारा माहिम स्टेशन पर पुनर्निर्मित साउथ फुट ओवर ब्रिज फिर से खोला गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करने के प्रयासों के क्रम में पश्चिम रेलवे अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज, एस्केलेटर और लिफ्ट उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। ये प्रयास अतिक्रमण, पुलों पर अत्यधिक भीड़ आदि जैसी समस्याओं से निपटने में काफी मददगार साबित होंगे। इसी क्रम में, माहिम स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 1 और 2 को जोड़ने वाले 22 मीटर लंबे साउथ फुट ओवर ब्रिज का पुनर्निर्माण किया गया है, जिसे अब यात्रियों के लिए खोल दिया गया है।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुराने एफओबी को जंग लगने के कारण 10 जून, 2023 को पुनर्निर्माण के लिए बंद कर दिया गया था। इसके स्थान पर यात्री सुरक्षा और दीघार्यु को बढ़ाने के लिए एक आधुनिक, उच्च शक्ति वाले स्टेनलेस स्टील एफओबी का निर्माण किया गया है। पुनर्निर्मित एफओबी 22 मीटर लंबा और 6 मीटर चौड़ा है। इस एफओबी का निर्माण लगभग 4.27 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, जिसमें आईआरएस 350-ग्रेड स्टेनलेस स्टील का उपयोग किया गया है, जो स्थायित्व और जंग के प्रतिरोध को सुनिश्चित करता है। इस एफओबी के लिए स्टेनलेस स्टील (जेएसएल मेक) के संरचनात्मक घटकों को ओडिशा के कटक स्थित आरडीएसओ-अनुमोदित कार्यशाला में तैयार किया गया और मुंबई के माहिम स्टेशन पर स्थापित किया गया। निर्माण प्रक्रिया में प्रमुख मील के पत्थरों में 8-9 नवंबर, 2024 को मुख्य गर्डरों की लॉन्चिंग, उसके बाद 15-16 मार्च, 2025 को डेक स्लैब और सीढ़ी की ढलाई शामिल है।पश्चिम रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा में सुधार के लिए बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए प्रतिबद्ध है। माहिम साउथ एफओबी को फिर से खोलना माहिम स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नासिक कुंभ मेला शुरू होने से पहले ही नाम को लेकर विवाद, अखाड़ों में मतभेद

**सिंहस्थ कुंभ मेले के नाम को लेकर मतभेद बढ़े**

**नासिक में कुंभ मेला 14 जुलाई से 25 सितंबर 2027 तक**

**नासिक कुंभ मेला की तैयारियां हुई तेज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई ,नासिक : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 23 मार्च को हुए दौरे के बाद महाराष्ट्र के नासिक में वर्ष 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियों में तेजी आ गई है। लेकिन सिंहस्थ कुंभ से पहले इस विशाल मेले के नाम को लेकर मतभेद पैदा हो गए हैं। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान त्र्यंबकेश्वर अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने मांग की थी कि इस उत्सव को त्र्यंबकेश्वर-नासिक सिंहस्थ कुंभ मेला कहा जाए। हालांकि नासिक नगर निगम मुख्यालय में अधिकारियों के साथ हाल ही में हुई बैठक के दौरान नासिक अखाड़ों के नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नाम नासिक कुंभ मेला ही रखा जाना चाहिए।नासिक अखाड़ों के साधुओं और महंतों ने यह भी मांग की कि उन्हें राज्य सरकार के स्थापित किए जाने वाले सिंहस्थ कुंभ मेला प्राधिकरण में शामिल किया जाए। वहीं कुंभ के लिए 500 एकड़ से अधिक भूमि स्थायी रूप से आरक्षित की जाए।

### क्या बोले डीएम

नाम से संबंधित मांगों के बारे में पूछे जाने पर नासिक के जिलाधिकारी जलज शर्मा ने कहा कि इस मुद्दे से संबंधित जानकारी सरकार को सौंपी जाएगी और उनके निर्देशानुसार निर्णय लिया जाएगा।


### गोदावरी नदी के तट पर होगा सिंहस्थ कुंभ

नासिक जिले में कुंभ मेला 14 जुलाई से 25 सितंबर 2027 के बीच गोदावरी नदी के तट पर आयोजित होगा है।

# चेटीचंडः उल्हासनगर में भव्यता के साथ आज निकलेगी लाल साईं की शोभा यात्रा

### सिंधी समाज के इष्टदेव संत भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस आज।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





उल्हासनगर. सिंधी समुदाय का महापर्व चेटीचंड आज सिंधी नववर्ष और भगवान झूलेलाल की जयंती के रूप में भव्यता और दिव्यता के साथ संतों की नगरी उल्हासनगर में मनाया जाएगा। यह पर्व प्रतिवर्ष हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल द्वितीया को मनाया जाता है। भगवान झूलेलाल को जलदेवता के रूप में माना जाता है। स्थानीय कैम्प-2 के झुलेलाल मंदिर से कैम्प 5 के चालिया मन्दिर तक लाल साई इष्टदेव भगवान झुलेलाल जी की भव्य शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जायेगी। इस भव्य शोभा यात्रा में संत-समागम का आशीर्वाद स्थानीय लोगों को मिलेगा। इस शोभायात्रा में शहर के तमाम व्यापारी, समाजसेवी, नेतागण शिरकत करेंगे। चेटीचंड महायात्रा कमेटी ने शहर वासीयो से निवेदन किया है कि लाल साई की इस भव्य शोभा यात्रा में शामिल होकर महायात्रा की शोभा बढ़ाये और लाल साई का आशीर्वाद पाये। चेटीचंड सिंधियों के नये साल के उपलक्ष्य मे शनिवार 29 मार्च को भव्य बाइक रैली का भी आयोजन किया गया था ।

# उल्हास और वालधुनी नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए शासन स्तर पर एक नवीन कार्य योजना तैयार की जाएगी।

### सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता और राज्य नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष सिद्धेश कदम के बीच बैठक।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. उल्हास और वालधुनी नदी को सीवेज के कारण बढ़ रहे जलकुंभी तथा प्रदूषण मुक्त करने के लिए शुक्रवार को राज्य नगर विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता तथा महाराष्ट्र राज्य नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष सिद्धेश कदम की उपस्थिति में सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उल्हास और वालधुनी नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए नई कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति बनी। उल्हास नदी से जलकुंभी को हटाने का काम अगले 15 दिनों में शुरू हो जाएगा और इसके लिए मशीनरी भाड़े पर ली जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों मे सभी नगर पालिकाएं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य सरकार मिलकर नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए मिलकर कार्य करेंगी। कल्याण डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में नदियों से जलकुंभी को हटाने के लिए भी विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। ज्ञात है कि एक सामाजिक संगठन की शिकायत के बाद उल्हास और वालधुनी नदियों के प्रदूषण का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। उस समय सुप्रीम कोर्ट ने एन.आई.आर. आई.संस्था को कार्ययोजना तैयार करने का आदेश दिया था। बैठक में सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे कहा कि संयुक्त रूप से कार्य करके नदियों से अपशिष्ट पदार्थों को निकालकर जल को शुद्ध करना चाहिए।नगरीय विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता ने स्थानीय नगर पालिकाओं को महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ संयुक्त बैठक कर प्रदूषण से मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास करने का आदेश दिया और एक माह के भीतर कार्ययोजना तैयार करने का आदेश दिया। आगामी पर्यावरण दिवस पर इन दोनों नदियों को प्रदूषण मुक्त घोषित करने का पूर्ण प्रयास करेंगे। असीम गुप्ता ने कहा कि इसके लिए आवश्यक धनराशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। उल्हास नदी से जल प्रदूषण हटाने के लिए महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से मशीनरी किराये पर ली जाएगी और ये मशीनें अगले 15 दिनों में उपलब्ध करा दी जाएंगी। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि कुल दस मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इस बैठक में उल्हास नदी में विरोध प्रदर्शन कर रहे नितिन निकम से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की गई और उनकी मांगें सुनी गईं। बैठक में यह भी निर्णय किया गया कि नदी प्रदूषण की निगरानी के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। असीम गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि यह टास्क फोर्स नदी के पानी की निरंतर निगरानी करेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में सीवेज के साथ-साथ अपशिष्ट का मुद्दा भी गंभीर है तथा ग्राम पंचायतों के लिए संयुक्त ठोस अपशिष्ट परियोजना स्थापित करने हेतु विस्तृत परियोजना योजना तैयार की जाएगी। इसके लिए जिला परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त आयुक्त अश्विन मुदगल, ठाणे जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, विधायक विश्वनाथ भोईर, कुमार आयलानी, कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, भिवंडी लोकसभा प्रमुख अरविंद मोरे, कल्याण डोंबिवली मनपा आयुक्त इंदुरानी जाखड़, उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले, कुलगांव बदलापुर मनपा मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारी और आंदोलनकारी श्रीनिवास घनेकर, उमेश बोरगांवकर और कैलास शिंदे उपस्थित थे।

फास्ट ट्रैक

# पुरानी रंजिश में मीटर रीडर को मारी गोली

### शाहजहांपुर में दो साल पहले लड़की भगाने पर विवाद, जांघ में लगी गोली, हालत गंभीर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , जलालाबाद क्षेत्र में एक मीटर रीडर को बिजली का बिल निकालने जाते समय गोली मार दी गई। घटना मोहद्दीनपुर गांव के पास हुई, जहां मोहल्ला गौस नगर निवासी आरिफ पर नगला नाथ के युसूफ और नदीम ने तमंचे से फायर किया। गोली आरिफ की दाईं जांघ में लगी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा। आरोपी मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया। बाद में उसे शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, करीब दो साल पहले आरिफ युसूफ की लड़की को भगा ले गया था। सामाजिक दबाव में लड़की को वापस किया गया और बाद में उसकी दूसरी जगह शादी कर दी गई। इसी रंजिश में आज जब आरिफ बिजली का बिल निकालने जा रहा था, तब उस पर हमला किया गया। कोतवाल प्रदीप कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल के बयान दर्ज किए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


# पुरानी रंजिश में मीटर रीडर को मारी गोली

### युवक की हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर, आरोपी फरार



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद क्षेत्र में एक मीटर रीडर को बिजली का बिल निकालने जाते समय गोली मार दी गई। घटना मोहद्दीनपुर गांव के पास हुई, जहां मोहल्ला गौस नगर निवासी आरिफ पर नगला नाथ के युसूफ और नदीम ने तमंचे से फायर किया। गोली आरिफ की दाईं जांघ में लगी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा। आरोपी मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया। बाद में उसे शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, करीब दो साल पहले आरिफ युसूफ की लड़की को भगा ले गया था। सामाजिक दबाव में लड़की को वापस किया गया और बाद में उसकी दूसरी जगह शादी कर दी गई। इसी रंजिश में आज जब आरिफ बिजली का बिल निकालने जा रहा था, तब उस पर हमला किया गया।कोतवाल प्रदीप कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल के बयान दर्ज किए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


# गरीब परिवार की लड़की की शादी में सुरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा ग्यारह हजार रुपए का सहयोग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ( उप्र ) मान्धाता क्षेत्र के युवा समाजसेवी और मान्धाता तृतीय सीट से ज़िला पंचायत सदस्य पद भावी प्रत्याशी सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने क्षेत्र के लोगों से वादा किया है कि गरीब परिवार की लड़की के विवाह में ग्यारह हजार रुपए का आर्थिक सहयोग करेंगे जनता से किए गए वादे पर सुरेन्द्र प्रताप सिंह खरे उतर रहे हैं उड़ी का डीह में गरीब परिवार की लड़की की शादी में ग्यारह हजार रुपए के सहयोग के बाद ग्राम सभा बरिस्ता के बरियार पुर पुरवा में हरिलाल सरोज की नातिन के विवाह में ग्यारह हजार रुपए का सहयोग किया है। मान्धाता तृतीय सीट से जिला पंचायत सदस्य पद भावी प्रत्याशी सुरेन्द्र प्रताप सिंह की क्षेत्र में लगातार जनता की सेवा और सहयोग की चर्चा है, सुरेन्द्र प्रताप सिंह कंबल वितरण, धार्मिक स्थल पर उजाले के लिए लाईट वितरण, क्रिकेट टूनार्मेंट, बलापुर में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के इलाज के लिए आर्थिक मदद भी की। अपने वादे के मुताबिक सुरेन्द्र प्रताप सिंह का जनता के साथ खरा उतरने का भरकस प्रयास जारी हैं, हरिलाल सरोज की नातिन की शादी पांच मार्च को संपन्न हो चुकी थी इसकी जानकारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह को नहीं थी ग्राम सभा बरिस्ता के पूर्व प्रधान राजेश सिंह के द्वारा समाजसेवी सुरेन्द्र प्रताप सिंह को यह बताया गया कि बरियार पुर निवासी मनोज सरोज की लड़की और हरी लाल सरोज की नातिन की शादी पांच मार्च को संपन्न हो चुकी है लेकिन शादी ब्याह के लिए अभी भी लेन-देन बाकी है इसलिए हरी लाल सरोज परिवार की मदद कर सहयोग की जरूरत है पूर्व प्रधान राजेश सिंह के निवेदन पर सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने तुरंत ग्यारह हजार रुपए हरी लाल सरोज को भेज दिया, पूर्व प्रधान राजेश सिंह ने इस नेक कार्य के लिए सुरेन्द्र प्रताप सिंह की सराहना करते हुए कहा कि गांव समाज को सुरेन्द्र प्रताप सिंह जैसे समाजसेवी की जरूरत है जो गरीब जरूरतमंद की तकलीफ को महसूस करते हुए उनके सहयोग मे हमेशा आगे रहते हैं।

# सपा सांसद के खिलाफ स्वर्ण आर्मी का प्रदर्शन

### महाराणा सांगा पर विवादित बयान का विरोध, सदस्यता समाप्त करने की मांग



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। स्वर्ण आर्मी ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। सांसद रामजीलाल सुमन ने महाराणा सांगा के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी। स्वर्ण आर्मी का कहना है कि इस टिप्पणी से स्वर्ण समाज और राष्ट्रवादी हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। समाज में इस बयान को लेकर रोष है। स्वर्ण आर्मी ने सांसद की टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। संगठन ने उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की है। इस विरोध प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह फौजी, समन्वयक अरुणेंद्र सिंह और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय नेताओं की मौजूदगी में भाजपा संगठन की समीक्षा बैठक



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अरुण सिंह और राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने ठाणे आकर भाजपा की संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की। इस बैठक में अब तक हुए संगठनात्मक चुनाव कार्यों के साथ-साथ पार्टी के आगे के कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।भाजपा महासचिव अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री शिव प्रकाश आज सुबह बीजेपी के ठाणे क्षेत्रीय कार्यालय में दाखिल हुए। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की मौजूदगी में ठाणे मंडल स्तर पर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान पार्टी की संगठनात्मक मजबूती को लेकर कई निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मंच पर राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक, चुनाव अधिकारी चैनसुख संचेती, प्रदेश महासचिव माधवी नाईक, ठाणे जिला अध्यक्ष संजय वाघुले उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। दिनभर चली समीक्षा बैठक में पार्टी के ठाणे मंडल के सभी विधायक, जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# लग्जरी कार में 1 किलो अफीम के साथ तस्कर धरा

- शाहजहांपुर से दिल्ली ले जा रहा था नशीला पदार्थ, 3 हजार रुपये भी बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अफीम तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। रोजा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर होंडा ब्रिज के पास से आरोपी को दबोचा। आरोपी की पहचान रमन कुमार के रूप में हुई है। वह थाना जलालाबाद क्षेत्र के गुनारा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसकी लग्जरी कार से एक किलो अफीम बरामद की है। साथ ही उसके पास से तीन हजार रुपये की नकदी भी मिली है। पूछताछ में रमन ने खुलासा किया कि वह अपने क्षेत्र से अफीम खरीदकर आसपास के राज्यों में इसकी तस्करी करता है। गिरफ्तारी के समय वह अफीम को दिल्ली ले जा रहा था। थाना प्रभारी राजिव रंजन के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी की कार भी जब्त कर ली है। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। साथ ही उसके द्वारा बताए गए अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई हैं।

# रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

- बैंक जाने के लिए निकली थी महिला, सिर में गंभीर चोट के निशान मिले

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एक दुखद घटना सामने आई है। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के नौसिया गांव निवासी वेदराम की पत्नी विनीता देवी का शव कहेलिया गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला है। विनीता देवी गुरुवार को आधार कार्ड और बैंक पासबुक लेकर घर से निकली थीं। जब वह देर तक घर नहीं लौटीं, तो परिजनों को चिंता हुई। कहेलिया गांव के लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास एक महिला का शव देखा। उन्होंने विनीता की पहचान कर परिजनों और पुलिस को सूचना दी। शव की जांच में विनीता के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस का मानना है कि ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हुई है। परिजनों के अनुसार, विनीता 26 मार्च को अपने मायके गई थीं। वहां से लौटने के बाद वह बैंक जाने की बात कहकर घर से निकली थीं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# ईद की खरीदारी के लिए निकली युवती गायब

- तीन युवकों पर भगाने का आरोप, पीड़ित परिवार को मिली जान से मारने की धमकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। चौक कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ईद की खरीदारी के दौरान लापता हो गई। युवती परिवार से 5 हजार रुपये लेकर बाजार गई थी। वह इसके बाद घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास तलाश की। जानकारी जुटाने पर पता चला कि रहमान नाम का युवक अपने दो साथियों आसिफ और अरशिल की मदद से युवती को बहला-फुसलाकर ले गया है। पीड़िता के परिवार ने जब आरोपी के घर जाकर युवती के बारे में पूछताछ की तो उन्हें धमकी दी गई। आरोपी के परिवार ने गाली-गलौज की। उन्होंने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस युवती की तलाश और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है।

# सीएचसी में गर्भवती महिलाओं की परेशानी

### कमीशन के लालच में आशाएं प्राइवेट अस्पताल ले जा रही मरीजों को, प्रसव संख्या घटी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की स्थिति चिंताजनक हो गई है। यहां 50 बेड वाली मदर एंड चाइल्ड हेल्थ यूनिट में प्रसव की संख्या लगातार कम हो रही है। स्वास्थ्य केंद्र के आंकड़े बताते हैं कि फरवरी में 156 और मार्च में 96 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। लेकिन 21 फरवरी से 27 मार्च के बीच मात्र 150 प्रसव ही हुए। केंद्र के अंतर्गत 6 डिलीवरी उप-केंद्र हैं। इनमें नाहिल, गंगसरा, जुझारपुर, अगोना बुजुर्ग, कनपारा और औरंगाबाद शामिल हैं। स्थिति यह है कि नाहिल उपकेंद्र को छोड़कर बाकी सभी केंद्र सिर्फ दिखावे के लिए हैं। इन केंद्रों में एक भी प्रसव नहीं हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, आशा कार्यकर्ता मोटे कमीशन के लालच में गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पतालों में ले जा रही हैं। उच्चाधिकारियों ने कई बार निरीक्षण कर प्रसव संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। लेकिन स्टाफ की लापरवाही के कारण कोई सुधार नहीं हुआ। कमीशन का खेल निचले स्तर से उच्च अधिकारियों तक फैला है। इसी कारण आशा कार्यकताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। केंद्र और राज्य सरकार गरीबों को सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज देने का प्रयास कर रही हैं। लेकिन स्थानीय स्तर पर यह व्यवस्था चरमरा गई है। गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव कराने के लिए सीजर की सुविधा भी उपलब्ध है।पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सर्जन डॉक्टर रामकुमार की तैनाती भी है। इसके बावजूद भी प्रसवों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को नहीं मिली। इस मामले में पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नरेंद्र पाल ने बताया अस्पताल में गर्भवती महिलाओं डिलीवरी की संख्या बढ़ाने के लिए कई आशाओं से स्पष्टीकरण मांगे गए हैं।

# नवरात्र-ईद की तैयारी पूरी

### पुलिस ने की पीस कमेटी की बैठक, धार्मिक स्थलों पर सुरक्षाकर्मी होंगे तैनात




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, नवरात्र और ईद के त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। एसपी राजेश द्विवेदी के नेतृत्व में सभी धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया गया है। पुलिस ने दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की।इस दौरान त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। अलविदा की नमाज सकुशल संपन्न हुई। प्रशासन ने मंदिरों, शोभायात्रा के मार्गों और मेला स्थलों का विशेष निरीक्षण किया है। थाना स्तर से लेकर जिला स्तर तक पीस कमेटी की बैठकें की गई हैं। पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मस्जिदों और मजारों पर साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई है। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि दोनों त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों पर्व सकुशल संपन्न होंगे।

# ट्रैक्टर से चोरी का सामान 4 घंटे में बरामद



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की एक वारदात का 4 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने गांव कोला से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जलालाबाद पुलिस के अनुसार, 29 मार्च को गांव नगरिया भूड़ निवासी अंकित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों ने उनके बग्गर (घेर) में खड़े ट्रैक्टर से बैटरी, रोटावेटर, पटिया और जंजीर चोरी कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। उप-निरीक्षक जुगेश कुमार चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसी दिन दोपहर 12 बजे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव कोला निवासी नौशू पुत्र राकेश और चंदन पुत्र अल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का सारा सामान बरामद कर लिया है। इसमें एक ट्रैक्टर की बैटरी, एक रोटावेटर का तबा, एक लोहे की पटिया और एक लोहे की जंजीर शामिल है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।


## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# नेपाल में हिंसक प्रदर्शन, दो की मौत

## 105 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार, इनमें प्रजातंत्र पार्टी के नेता भी; काठमांडू के कुछ इलाकों से कर्फ्यू हटा

एजेंसी

काठमांडू, नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर शुक्रवार को हुए हिंसक प्रदर्शन में दो लोगों की मौत हो गई। हिंसा को बढ़ावा देने, प्राइवेट प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने और आगजनी करने के आरोप में पुलिस ने 105 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष रबिंद्र मिश्र, जनरल सेक्रेटरी धवल शमशेर राणा शामिल हैं। इसके अलावा स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिंबू और संतोष तमांग जैसे राजशाही का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता समेत 17 अन्य नेता भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शन के प्रमुख आयोजक नवराज सुबेदी को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। वहीं, इस प्रदर्शन के चीफ कमांडर दुर्गा परसाई की तलाश की जा रही है। 40 से ज्यादा नेपाली संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ करने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर भी फेंके, जिसके जवाब में



सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। प्रशासन ने काठमांडू में कर्फ्यू लागू कर और सेना की तैनाती कर दी थी। शनिवार सुबह हालात में सुधार होने के बाद काठमांडू के पूर्वी हिस्से से कर्फ्यू हटा दिया गया है। प्रदर्शनकारी राजा आओ देश बचाओ, भ्रष्ट सरकार मुदार्बाद और हमें राजशाही वापस चाहिए जैसे नारे लगा रहे थे। उन्होंने सरकार को एक हफ्ते का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि अगर उनकी मांगों पर एक्शन नहीं लिया गया तो और ज्यादा उग्र विरोध प्रदर्शन होगा। नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने 19 फरवरी को प्रजातंत्र दिवस पर लोगों से समर्थन मांगा था। इसके बाद से ही देश में राजा लाओ, देश बचाओ आंदोलन को लेकर तैयारियां चल रही थीं। नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर 1 जून, 2001 को हुए नारायणहिति हत्याकांड में अपने परिवार के सदस्यों की हत्या का आरोप लगा है। इस घटना में राजा वीरेंद्र, रानी ऐश्वर्या सहित शाही परिवार के 9 लोगों की मौत हुई थी। आधिकारिक तौर पर युवराज दीपेंद्र को इस हत्याकांड के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि ज्ञानेंद्र ने सत्ता हासिल करने के लिए यह षड्यंत्र रचा, क्योंकि उस रात वे महल में मौजूद नहीं थे और उनके परिवार को कोई नुकसान नहीं हुआ। इस रहस्यमयी हत्याकांड के पीछे सच्चाई आज भी विवादास्पद बनी हुई है। आंदोलन का नेतृत्व नवराज सुवेदी कर रहे हैं। वे राज संस्था पुनर्स्थापना आंदोलन से जुड़े हुए हैं। इसका मकसद नेपाल में राजशाही को बहाल करना है। दरअसल, नेपाल में साल 2006 में राजशाही के खिलाफ विद्रोह तेज हो गया था। कई हफ्तों तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद तत्कालीन राजा ज्ञानेंद्र को शासन छोड़कर सभी ताकत संसद को सौंपनी पड़ी। लेकिन अब नेपाल की जनता देश में फैले भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बार-बार सत्ता परिवर्तन से परेशान हो गई है। सुवेदी का नाम तब सुर्खियों में आया जब पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह ने उन्हें इस आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि, उनके इस नेतृत्व को लेकर नेपाल के प्रमुख राजवादी दलों, जैसे राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (राप्रपा) और राप्रपा नेपाल, में कुछ असंतोष देखा गया है। नवराज सुबेदी ने कहा, ह्लहम अपनी मांगें शांतिपूर्ण तरीके से रख रहे हैं, लेकिन अगर हमें सकारात्मक जवाब नहीं मिला तो हमें प्रदर्शन तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# 12 घंटे में पुतिन ने भारत वाली नीति से दुनिया हिला दी , देखते रह गए ट्रंप

एजेंसी



क्या रूस और यूक्रेन के बीच की जंग खत्म होने वाली थी, क्या डोनाल्ड ट्रंकी नीति से शांति समझौता होने वाला था? अगर आप भी ऐसा सोच रहे थे तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 12 घंटे में ही पूरा खेल पलट दिया। अमेरिका और रूस के बीच ब्लैक सी में नेवल पीस समझौता हुआ था। लेकिन जैसे ही अमेरिका ने इसकी घोषणा की। रूस ने तुरंत ही यूक्रेन के बंदरगाह शहरों पर हमला शुरू कर दिया। यानी पुतिन ने अमेरिका को पूरी तरह चौंका दिया। दरअसल, कुछ हफ्ते पहले खबर आई थी कि डोनाल्ड ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध विराम कराने की कोशिश कर रहे हैं। जेलेंस्की शुरूआत में तैयार नहीं थे। लेकिन जब व्हाइट हाउस ने यूक्रेन को मदद रोकने की घोषणा की तो जेलेंस्की को झुकना पड़ा। उसके बाद अमेरिका और रूस के बीच सऊदी अरब में गुप्त वार्ता हुई। वहां तीन दिनों तक डील पर बात हुई। उसके बाद ये तय हुआ कि ब्लैक सी के इलाके में रूस हमला नहीं करेगा। वहां सेफ नेवीगेशन और व्यापारिक जहाजों का संचालन शुरू होगा। अमेरिका ने कहा कि काला सागर में सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने के लिए रुस और यूक्रेन के बीच सहमति बन गई है। अमेरिका ने सऊदी अरब में यूक्रेन और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के साथ शांति की दिशा में संभावित कदमों पर तीन दिनों की वार्ता पूरी की। अमेरिका ने कहा है कि दोनों पक्ष सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने, बल प्रयोग को समाप्त

> अमेरिका ने कहा कि काला सागर में सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने के लिए रुस और यूक्रेन के बीच सहमति बन गई है। अमेरिका ने सऊदी अरब में यूक्रेन और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के साथ शांति की दिशा में संभावित कदमों पर तीन दिनों की वार्ता पूरी की।

करने तथा काला सागर में सैन्य उद्देश्यों के लिए वाणिज्यिक जहाजों के प्रयोग को रोकने पर सहमत हुए हैं। अमेरिका ने तो शांति डील की घोषणा कर दी। लेकिन रूस ने 12 घंटे के अंदर ही यूक्रेन के ब्लैक सी पोर्ट पर जबरदस्त हमला कर दिया। 117 ड्रोन अटैक, मिसाइल स्ट्राइक और भारी तबाही। अमेरिका और यूरोप को रूस के इस चाल की उम्मीद नहीं थी। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या पुतिन चाणक्य नीति अपना रहे हैं? दरअसल, पुतिन का ये कदम पूरी तरह से चाणक्य नीति पर आधारित था। उन्होंने पहले अमेरिका को शांति वार्ता में उलझाया। जैसे ही अमेरिका ने अपनी डील की घोषणा की। रूस ने हमला कर दिया। चाणक्य नीति कहती है कि शत्रु को पहले भ्रम में डालो। फिर सही समय पर हमला करो। जब शत्रु कमजोर हो तो उसपर जवाब बनाओ। अपने फायदे के बिना किसी भी संधि को नहीं मानो। रूस की मांग है कि अमेरिका रूसी बैंकों और कंपनियों पर लगे प्रतिबंध हटाए। जब तक ऐसा नहीं होगा रूस ब्लैक सी में हमले जारी रखेगा। रूस की इस रणनीति से भारत को भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

# साल का पहला सूर्यग्रहण


## अमेरिका में यूरोप में आ रहा नजर, भारत पर कोई असर नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली, शनिवार को साल का पहला सूर्य ग्रहण शुरू हो गया है। यह आंशिक सूर्य ग्रहण है। पूर्ण सूर्यग्रहण के उलट आंशिक ग्रहण में सूरज का एक हिस्सा दिखाई देता है और आकाश में अर्धचंद्राकार आकृति बनती है। सूर्य ग्रहण नॉर्थ-वेस्ट अफ्रीका, नार्थ अमेरिका, यूरोप, नॉर्थ रूस में दिखाई देगा। ग्रहण भारतीय समय अनुसार दोपहर 2.21 बजे शुरू हुआ और शाम 6.14 बजे खत्म होगा। ये ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा, इस वजह से यहां सूतक नहीं है। दोहरे सूर्योदय का नजारा दिखेगा इस आंशिक सूर्यग्रहण की वजह से दोहरा सूर्योदय भी होगा, जो एक दुर्लभ नजारा है। जिसमें सूरज दो बार उगता हुआ नजर आता है। ऐसा तब होता है जब ग्रहण के दौरान चंद्रमा सूर्य को आंशिक रूप से ढक लेता है। ऐसा नजारा सबसे ज्यादा तब दिखाई देता है जब ग्रहण सूर्योदय के समय होता है। बादल या लाइट रिफ्लेक्शन (प्रकाश अपवर्तन) जैसी मौसम की स्थितियां इस भ्रम को और भी नाटकीय बना सकती हैं। सूर्य ग्रहण के पीछे का साइंस पृथ्वी और सूर्य के बीच चंद्र आता है, तब सूर्य ग्रहण होता है। पृथ्वी अपने चंद्र के साथ सूर्य का चक्कर लगाती है। चंद्र पृथ्वी का चक्कर लगाते हुए पृथ्वी के साथ चलता है। जब ये तीनों ग्रह एक सीधी लाइन में आ जाते हैं, चंद्र पृथ्वी और सूर्य के बीच में आ जाता है, तब पृथ्वी के जिस हिस्से पर चंद्र की छाया पड़ती है, वहां सूर्य दिखना बंद हो जाता है, इस घटना को सूर्य ग्रहण कहते हैं। चंद्रमा से 400 गुना बड़ा सूरज है चंद्रमा की तुलना में सूरज का आकार 400 गुना ज्यादा बड़ा है, लेकिन पृथ्वी से सूरज की दूरी भी चंद्रमा के मुकाबले 400 गुना ज्यादा है। इसी से अलग-अलग आकार होने के बावजूद सूरज और चांद दोनों पृथ्वी से एक साइज के दिखाई देते हैं। चक्कर लगाते समय चंद्रमा जब पृथ्वी और सूर्य के बीच में आता है तो सूर्य को पूरी तरह से ढंक लेता है।

# अफगानिस्तान में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए




एजेंसी

> भूकंप का केंद्र काबुल से लगभग 280 किलोमीटर दूर स्थित था और इनकी गहराई 180 किलोमीटर से अधिक थी। इससे, एक दिन पहले म्यांमा में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए थे, जिनसे बड़े पैमाने पर तबाही मची थी।

अफगानिस्तान में शनिवार तड़के भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। केंद्र ने बताया कि पहला भूकंप तड़के चार बजकर 51 मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 4.3 आंकी गई, जबकि दूसरा झटका तड़के पांच बजकर 16 मिनट पर महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 4.7 थी। भूकंप का केंद्र काबुल से लगभग 280 किलोमीटर दूर स्थित था और इनकी गहराई 180 किलोमीटर से अधिक थी। इससे, एक दिन पहले म्यांमा में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए थे, जिनसे बड़े पैमाने पर तबाही मची थी।

भूकंप का असर थाईलैंड के बैंकॉक तक देखा गया था, जहां निर्माणाधीन 30 मंजिला एक इमारत ढह गई थी, जबकि कई ऊंची इमारतों के हिलने से लोगों में दहशत फैल गई थी।

## उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था जीरो : अखिलेश यादव

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के छावनी क्षेत्र में स्थित अपने सरकारी आवास पर शनिवार सुबह भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक सिविल इंजीनियर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पीड़ित की पहचान एसएन मिश्रा के रूप में हुई है।

**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल डिवीजन, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबल सेंट्रल मुंबई - 400 008।

**कार्य - मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना।**

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-83 | 08-04-25 15:00:00 |

| क्र0 | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-ST-OH-402-25-1(Advertising- Out of Home) | सूरत स्टेशन पर सहारा दरवाजा के पास सड़क किनारे की बाउंड्री वॉल पर दीवार पेंटिंग | 1096 | 08-04-25 15:30:00 |

नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट के अनुसार विवरण नीचे दिए गए कैटलॉग में उपलब्ध है। 1247

Like us on: ffacebook.com/Western Rly Follow us on: twitter.com/WesternRly

# 'हमारे खिलाफ आरोप झूठे हैं', आईआरसीटीसी घोटाला में लालू परिवार ने की कोर्ट से अपील



एजेंसी

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनके बेटे तेजस्वी यादव ने शनिवार को एक अदालत से भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) में 2004 से 2009 के बीच कथित अनियमितताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें बरी करने का आग्रह किया। तीनों ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष दलीलें दीं और दावा किया कि सीबीआई का मामला 'चुनने और चुनने' पर आधारित है और उनके खिलाफ आरोप 'झूठे' हैं। आरोपियों ने मामले में आरोप तय करने पर बहस के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह के माध्यम से यह दलील दी। उन पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार सहित विभिन्न अपराधों के लिए आरोप-पत्र दाखिल किया गया है, जिसके लिए अधिकतम सात साल की जेल की सजा हो सकती है। तीनों ने न्यायाधीश के समक्ष दावा किया कि सीबीआई द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे, चुनिंदा और प्रेरित थे, उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी के पास मामले में उन पर मुकदमा चलाने के लिए सबूतों की कमी थी। मामले की सुनवाई 21 अप्रैल को फिर से शुरू होगी। न्यायाधीश ने कहा, ए-1 से ए-4 (लालू, राबड़ी, तेजस्वी और लारा प्रोजेक्ट्स एलएलपी) की ओर से आंशिक दलीलें सुनी गईं। आगे की दलीलों के लिए प्रस्तुत किया गया।₹ प्रसाद, जो यूपीए-1 सरकार के दौरान रेल मंत्री थे, ने पहले मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई द्वारा प्राप्त मंजूरी की वैधता पर सवाल उठाया था। एजेंसी ने 28 फरवरी को अदालत को बताया कि आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।

> आरोपियों ने मामले में आरोप तय करने पर बहस के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह के माध्यम से यह दलील दी। उन पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार सहित विभिन्न अपराधों के लिए आरोप-पत्र दाखिल किया गया है, जिसके लिए अधिकतम सात साल की जेल की सजा हो सकती है।

# संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा को अवरुद्ध कर रही सरकार : प्रियंका गांधी

एजेंसी



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को केंद्र सरकार पर संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने और सार्थक चर्चा को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया। कांग्रेस सांसद ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का दृष्टिकोण किसी भी संभव तरीके से महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा से बचना है, तथा इसके लिए वह विभिन्न हथकंडे अपनाती है ।विपक्षी आवाजों को कथित तौर पर दबाने से जुड़े सवालों पर प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार ने संसद में चर्चा को अवरुद्ध कर दिया है।

# शशि थरूर ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार की आलोचना की, कहा चिंताजनक स्थिति

एजेंसी



नई दिल्लीः कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने विदेश मंत्री (ईएएम) एस जयशंकर की पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर टिप्पणी के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है और इस बात पर जोर दिया है कि वहां की स्थिति 'बेहद परेशान करने वाली' है.एएनआई से बात करते हुए थरूर ने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की भलाई के बारे में चिंतित हैं. दूसरी मुश्किल यह है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई बातचीत नहीं चल रही है. अन्यथा, हम अपनी चिंताओं को सीधे बता सकते थे और निवारण की मांग कर सकते थे.मंत्री का बयान पूरी तरह तथ्यात्मक है और हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हमारे पड़ोसी देश में अत्यंत चिंताजनक स्थिति है. शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार पर बहुत बारीकी से नजर रखता है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उठाता है.लोकसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान 'पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराध और अत्याचार' पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए जयशंकर ने कहा कि फरवरी में पाकिस्तान में अत्याचार के 10 मामले सामने आए. इनमें से सात अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन से संबंधित थे. इनमें से दो अपहरण से संबंधित थे और एक होली मना रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई से संबंधित था.उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में सिख समुदाय से जुड़ी तीन घटनाएं और अहमदिया समुदाय से जुड़ी दो घटनाएं हुई.

**पश्चिम रेलवे**

निर्माण कार्य

सीनियर डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल ई-निविदा सूचना संख्याः बीसीटी/24-25/321 **दिनांक** 28.03.2025 आमंत्रित करता है। **कार्य और स्थानः** उधना उकाई सोनगढ़ - **स्लीपर** नवीनीकरण (पी)-23.059 टीकेएम ठेकेदार के पीक्यूआरएस पोर्टल द्वारा। (एसएंडटी भाग सहित समग्र निविदा)। **कार्य की अनुमानित लागतः** 5,72,45,494.29। **ईएमडीः** 4,36,200.00। **जमा करने की तिथि और समयः** 25/04/2025को 15:00 बजे। **खुलने की तिथि और समयः** 25/04/2025 को 15:30 बजे। नोटः निविदा दस्तावेज, शुद्धिपत्र और अन्य विवरण डाउनलोड करने के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1249

facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

मरम्मत कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्यूए), पश्चिम रेलवे छठी मंजिल। इंजीनियरिंग विभाग मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008 आमंत्रित करता है। निविदा सूचना संख्याः बीसीटी/24- 25/322. **दिनांक** 28.03.2025। **कार्य और स्थानः** लोअर परेल कार्यशालाः (1) ट्रैक की स्थिति में सुधार के लिए आरएसी शॉप में लाइन नंबर 5 की तत्काल मरम्मत (2) मानसून में रिसाव को रोकने के लिए एएसआरएस की मरम्मत और एएसआरएस शेड के रखरखाव के लिए पहुंच सीढ़ी का प्रावधान। (3) बैटरी चार्जिंग क्षेत्र, कार्यालयों और बाहरी परिसंचारी क्षेत्र को अपग्रेड करने के लिए बैटरी शॉप में सुधार। **कार्य की लगभग लागतः** ? 2,86,76,810.51। **ईएमडीः** 2,93,400.00। जमा करने की तिथि और समयः 25.04.2025, 15:00 बजे तक। खुलने की तिथि और समयः 25.04.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 1251

facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - भावनगर मंडल**

**आईसीएफ कोचों का रूपांतरण**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, भावनगर परा वर्कशॉप, पश्चिम रेल्वे की ओर से निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सं :** BVPW-2024-25-RSP-09 **कार्य का नाम** : कार्य के दायरे के अनुसार बीवीपी वर्कशॉप में आईसीएफ कोचों को एनएमजीएचएस कोचों में परिवर्तित करना। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹16,64,27,403.66 **बयाना राशि :** ₹9,82,100.00/- **निविदा दस्तावेज़ शुल्क :** ₹00.00 **निविदा प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की दिनांक से 12 महीने। **निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समय :** 18/04/2025 को 10:30 बजे **निविदा खोलने की दिनांक व समय :** 18/04/2025 को 11:00 बजे **जारीकर्ता :** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, भावनगर परा, पश्चिम रेल्वे **ईमेल :** dycmews@bvp.railnet.gov.in **महत्वपूर्ण लेख :** निविदा केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप से https://www.ireps. gov.in पर जमा की जाएगी और इस ई-निविदा के खिलाफ कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस कार्यालय में प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा किया जाएगा और खोला नहीं जाएगा। 229

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

सामग्री प्रबंधन विभाग

**25 मार्च के ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम का शुद्धिपत्र**

मार्च 2025 के लिए पी.वे और अन्य विभिन्न स्क्रैप के लिए अतिरिक्त ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रमः कृपया इस कार्यालय की ई-नीलामी बिक्री अधिसूचना संख्या एस/एसआईआईआई/ई-नीलामी **कार्यक्रम--1/मार्च-2025 दिनांक-07.02.2025 देखें।**

निम्नलिखित इकाइयों के लिए मार्च 2025 में पी.वे और विभिन्न अन्य स्क्रैप सामग्री के निपटान के लिए अतिरिक्त ई-नीलामी कार्यक्रम नीचे दिया गया हैः

| इकाई | अतिरिक्त ई-नीलामी कार्यक्रम मार्च 2025 | प्रभारी संभागीय अधिकारी | संपर्क नं. | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| महालक्ष्मी | 31.03.2025 | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक - महालक्ष्मी | 022-24929571 09004495750 | यह अतिरिक्त नीलामी 25 मार्च के लिए रखी जा रही है और 28.03.25 की नीलामी से पहले आजमाए गए और बचे हुए लॉट ही आजमाए जाएंगे। कोई नया लॉट नहीं जोड़ा जा रहा है। |
| वडोदरा | 31.03.2025 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक -वडोदरा | 02652641592 09724091750 | |
| मुंबई सेंट्रल | 31.03.2025 | मंडल सामग्री प्रबंधक - मुंबई सेंट्रल | 022-23094142 09004499006 | |

अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। कृपया अधिक जानकारी के लिए पश्चिम रेलवे की सामग्री प्रबंधन विभाग की वेबसाइट www.wr.indianrailways.gov.in तथा www.ireps.gov.in ई-नीलामी पोर्टल पर जाएँ। 1252

facebook.com/WesternRly | Follow us on: twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे द्वारा 2 जोड़ी विशेष ट्रेनों के फेरों का विस्तार**

| ट्रेन नं. | से | को | दौड़ का दिन | विस्तारित तक |
|---|---|---|---|---|
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | दिल्ली | मंगलवार, शुक्रवार | 06.05.2025 |
| 09004 | दिल्ली | मुंबई सेंट्रल | बुधवार, शनिवार | 07.05.2025 |
| 09622 | बांद्रा टर्मिनस | अजमेर | सोमवार | 30.06.2025 |
| 09621 | अजमेर | बांद्रा टर्मिनस | रविवार | 29.06.2025 |

ठहराव और संरचना के समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन नंबर 09003 की बुकिंग 30.03.2025 से शुरू होगी, जबकि ट्रेन नंबर 09622 की बुकिंग 31.03.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC की वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

www.wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें

# एयरफोर्स अफसर की हत्या

## खिड़की खट-खटाई, खोलते ही सीने में गोली मारी; पत्नी-बेटा और नौकरानी घर में ही थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर (वर्क) एसएन मिश्रा (50) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह घर में सोए हुए थे। तड़के 3 बजे हमलावरों ने खिड़की खटखटाकर अफसर को जगाया। जैसे ही उन्होंने खिड़की खोली। हमलावरों ने सीने में गोली मार दी। आवाज सुनकर दूसरे कमरे से परिजन भागकर पहुंचे। तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। तुरंत उन्हें मिलिट्री हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना पर एयरफोर्स और पुलिस के सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने कमरे की जांच की। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पूरी वारदात हाई सिक्योरिटी वाले बमरौली इलाके में सेंट्रल एयर कमांड कैंपस के अंदर बनी कॉलोनी में हुई। कैंपस में नार्थ जोन में


एसएन मिश्रा, मृतक

चीफ इंजीनियर का आवास है। फिलहाल, आसपास का एरिया सील कर दिया है। मीडियाकर्मियों समेत किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, सेंट्रल एयर कमांड के नॉर्थ जोन के प्रभारी एसएन मिश्रा बिहार के सासाराम जिले के रहने वाले थे। 2 साल पहले ही ट्रांसफर होकर प्रयागराज आए थे। यहां पत्नी और 2 बच्चों के साथ रहते थे। उनकी नौकरी के 22 साल पूरे हो चुके थे। वारदात के वक्त पत्नी प्रीति मिश्रा, बेटा और नौकरानी घर में थीं। बेटा क्लास 10वां की पढ़ाई कर रहा है, जबकि बेटी लखनऊ से एमबीबीएस कर रही है। प्रयागराज डीआईजी अजय पाल शर्मा ने बताया- हमलावर गेट से आते हुए नजर नहीं आए हैं। आशंका है कि बाउंड्री वाल को क्रॉस कर आए और वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस सूत्रों का कहना है कि सीसीटीवी में कैंपस में कोई बाहरी शख्स अंदर आता नजर नहीं आया है। डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया- फोरेंसिक टीम को कई साक्ष्य मिले हैं। घटनास्थल के आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। हम उसकी जांच-पड़ताल कर रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध शख्स नजर आया है। पुलिस उसकी जांच कर रही है। पुलिस के एक सीनियर अफसर ने बताया कि हत्याकांड का ऑफिस से कोई कनेक्शन है क्या? एयरफोर्स इसकी जांच कर रही है। क्योंकि, एसएन मिश्रा ज्वाइंट सेक्रेटरी लेवल के अफसर थे। यानी, एयरफोर्स में वह अहम पोस्ट पर थे। एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर की हत्या के बाद डेडबॉडी को पोस्टमार्टम से पहले मोती लाल नेहरू हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां एक्सरे कराया गया। इसके बाद पोस्टमार्टम होगा।

# सेना का गैरिसन इंजीनियर गिरफ्तार

## सीबीआई ने एक लाख रुपए लेते रंगे हाथों पकड़ा; दिल्ली की कंपनी से मांगे थे 2.88 लाख रुपए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, सेना के गैरिसन इंजीनियर और उसके असिस्टेंट को एक लाख रुपए की घूस लेते हुए सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को सीबीआई, लखनऊ की एंटी करप्शन ब्रांच की टीम दोनों अधिकारियों के आवास समेत कई ठिकानों को खंगाल रही है। सीबीआई इस मामले में शामिल कुछ अन्य अफसरों को भी तलाश रही है। गैरिसन इंजीनियर (मेजर रैंक) रवि सिंह और असिस्टेंट गैरिसन इंजीनियर विमल कुमार ने मैनपावर सप्लाई का काम देने की मंजूरी का पत्र देने के बदले दिल्ली की फर्म से 2.88 लाख रुपए रिश्वत मांगी थी।

सूत्रों के मुताबिक दिल्ली की फर्म रुद्राक्ष इंटरप्राइजेस ने रेलवे में मैनपावर सप्लाई का काम लेने के लिए टेंडर डाला था। टेंडर को मंजूरी मिलने के बाद फर्म संचालक ने मिलिट्री




इंजीनियरिंग सर्विसेज में तैनात गैरिसन इंजीनियर रवि सिंह से कार्य शुरू करने के लिए स्वीकार्यता पत्र मांगा। गैरिसन इंजीनियर ने उनसे अपने असिस्टेंट विमल कुमार से संपर्क करने को कहा। जब संचालक ने विमल कुमार से बात की तो उसने स्वीकार्यता पत्र जारी करने के बदले 2.88 लाख घूस मांगी। संचालक ने बेहद कम दरों पर काम मिलने की बात कही तो उन्होंने बिना घूस की रकम मिले पत्र देने से इन्कार कर दिया। इसके बाद फर्म संचालक ने सीबीआई में दोनों की शिकायत कर दी।

## संक्षेप

### हाईटेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

**बांदा में हादसा, दो भैंसों की मौत, 8 लाख का गृहस्थी का सामान जला**

बांदा, अतर्रा थाना क्षेत्र के महोतरा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से एक मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से दो भैंसों की भी मौत हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और आग को पूरी तरह से बुझाया। गृहस्वामी के अनुसार इस हादसे में लगभग 8 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।

### ईद से पहले अमरोहा ईदगाह का निरीक्षण

**एसडीएम, सीओ और नगर पालिका चेयरमैन ने व्यवस्थाएं परखीं, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

अमरोहा, ईद की तैयारियों को लेकर शनिवार दोपहर अधिकारियों ने ईदगाह का निरीक्षण किया। सदर एसडीएम सुधीर कुमार के नेतृत्व में सीओ सिटी अरुण कुमार और नगर कोतवाल पंकज तोमर ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भाजपा की नगर पालिका चेयरमैन शशि जैन और ईओ डॉक्टर बृजेश कुमार भी निरीक्षण में मौजूद रहे। चेयरमैन ने ईदगाह के आसपास सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही नमाज के दौरान पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि ईद की नमाज के दौरान ईदगाह के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने मुस्लिम समाज के लोगों से भी मुलाकात कर उनके सुझाव लिए। सभी अधिकारियों ने ईदगाह का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा।

### शनि अमावस्या पर गंगा स्नान को उमड़े श्रद्धालु

**ब्रजघाट और तिगरी में हजारों लोगों ने लगाई डुबकी, कई जिलों से पहुंचे लोग**

अमरोहा, शनि अमावस्या के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट और तिगरी गंगा धाम के घाटों पर पवित्र स्नान किया। स्नान का क्रम सुबह 5 बजे से शुरू होकर 10 बजे तक चला। दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान समेत कई राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे।

स्थानीय क्षेत्र अमरोहा के अलावा मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, रामपुर, मेरठ, बुलंदशहर और हापुड़ से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सुख-शांति की कामना की श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के साथ सूर्य भगवान को जल अर्पित किया। उन्होंने परिवार और समाज में सुख-शांति की कामना की। घाटों पर हर-हर गंगे के जयकारे गूंजते रहे।

# सपा सांसद के आवास पर हमले का विरोध

- अमेठी में अंबेडकर वाहिनी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, सुरक्षा और कार्रवाई की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, आगरा में राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना के कार्यकताओं द्वारा किए गए हमले के विरोध में समाजवादी पार्टी ने कड़ा रुख अपनाया है। बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष डॉ. के.डी. सरोज ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। 26 मार्च को हुए इस हमले में करणी सेना के कार्यकताओं ने तोड़फोड़ की और सांसद को जान से मारने की धमकी दी थी। डॉ. सरोज ने इस घटना को लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सांसद सुमन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि उनके बयान का उद्देश्य किसी महापुरुष का अपमान करना नहीं था। इसके बावजूद



प्रदर्शनकारियों ने हिंसा का रास्ता चुना। सड़क पर आंदोलन की चेतावनी जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन दोषियों पर तत्काल कार्रवाई नहीं करता है, तो समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी सड़कों पर आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपते समय पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एसपी ने किया कोतवाली देहात थाने का निरीक्षण

## महिला हेल्प डेस्क की जांच, सीसीटीवी कैमरे लगाने और माफियाओं पर कार्रवाई के निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर , पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने शनिवार को कोतवाली देहात का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गों, तिराहों और चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़िताओं की शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी ली। कार्यालय में अपराध रजिस्टर का निरीक्षण कर माल मुकदमाती और लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए। थाने के मैस में साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई। टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर उन पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। शराब, खनन, पशु और वन माफियाओं पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की




समीक्षा की गई। महिला संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता देने और निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया। क्षेत्राधिकारी लम्भुआ और प्रभारी निरीक्षक को थाने में स्वच्छ वातावरण बनाने के निर्देश दिए। इसमें आम जनता के लिए बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल और प्रसाधन की सुविधाएं शामिल हैं। साथ ही वृक्षारोपण करने के भी निर्देश दिए गए।

# व्यापारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ

- युवा उद्यमियों को 5 लाख तक का बिना गारंटी लोन, 4 साल तक ब्याज भी सरकार देगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जयसिंहपुर तहसील में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री त्रिपाठी ने व्यापारियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। त्रिपाठी ने बताया कि 21 से 40 वर्ष के युवा उद्यमियों के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना चल रही है। इस योजना के तहत बिना गारंटी के 5 लाख रुपये का ऋण मिलेगा। साथ ही 4 साल तक का ब्याज भी सरकार वहन करेगी। नए उद्योगों की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपये तक का ऋण बिना गारंटी के दिया जा रहा है। प्लांट और मशीनरी पर सरकार 25 से 35 प्रतिशत तक का अनुदान दे रही है। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए हर जिले में व्यापारी सुरक्षा




प्रकोष्ठ की मासिक बैठक होती है। इसके अलावा, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु और व्यापार बंधु की बैठक भी हर महीने आयोजित की जाती है। निडर होकर करना चाहिए व्यवहार त्रिपाठी ने व्यापारियों से भ्रष्टाचार और उत्पीड़न की शिकायत करने का आह्वान किया।


# बिजली बिल बकाया का संकट

## सरकारी कार्यालयों पर 30 करोड़ और ग्रामीण क्षेत्रों में 284 करोड़ रुपए बकाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, बिजली बिल बकाया की समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। सरकारी कार्यालयों पर 30 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 284 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। विद्युत विभाग लगातार वसूली अभियान चला रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, जल निगम, पुलिस और प्रशासनिक कार्यालय सहित कई सरकारी विभाग बकायेदारों की सूची में शामिल हैं।

उपभोक्ता बिल जमा करने में आनाकानी कर रहे हैं। विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता द्वितीय रोहित सिंह ने बताया कि बकायेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अब तक एक लाख से अधिक कनेक्शन काटे



जा चुके हैं। विभाग बकाया वसूली के लिए निरंतर प्रयासरत है। विभाग ने बकायेदारों को चेतावनी दी है कि यदि वे समय पर बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग का लक्ष्य है कि जल्द से जल्द बकाया राशि की वसूली की जाए।

# मैक्स पलटी, दो की मौत; 11 घायल

## अंतिम संस्कार से लौट रहे थे सभी, मैक्स का एक्सल टूटने के कारण हुआ हादसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, छर्रा थाना क्षेत्र में एक मैक्स अनियंत्रित होकर पलट गई। भीकनपुर बूढ़ा गांव के रास्ते पर खुलावली मोड़ के पास यह हादसा हुआ, जिसके कारण उसमें सवार 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया और दो गंभीर घायलों को सीएचसी से रेफर कर दिया गया। जिसके बाद एक घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया और दूसरे को उसके परिवार के लोग छर्रा के ही एक निजी अस्पताल में लेकर गए। दोनों ने ही इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस ने शवों को



पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है। शनिवार को शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। छर्रा के खुलावली के माजरा नगला भीमसेन निवासी बंटी कुमार की मां पुष्पा देवी का निधन 27 मार्च की रात को हो गया था। जिसके बाद 28 मार्च को उनका अंतिम संस्कार सांकरा घाट पर किया गया। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गांव के सभी लोग सांकरा घाट गए थे। अंतिम संस्कार पूरा होने के बाद सभी लोग एक मैक्स गाड़ी में सवार होकर गांव की ओर लौट रहे थे। लेकिन इसी दौरान मैक्स गाड़ी का एक्सेल टूट गया और गाड़ी एकदम से अनियंत्रित हो गई। ड्राइवर मैक्स को संभाल नहीं पाया और यह पलट गई। जिसके कारण इसमें सवार सभी लोगों के गंभीर चोटें आई और वह घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर क्षेत्रिय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से घायलों को तत्काल छर्रा सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए पहुंचाया। यहां पर कलियान सिंह और मुरारी की हालत ज्यादा गंभीर थी। जिसके बाद दोनों को रेफर कर दिया गया। कलियान सिंह को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सर्वोदय विद्या मंदिर में पुरस्कार वितरण समारोह

## नर्सरी से कक्षा 8 तक के मेधावी छात्रों को मिले मोमेंटो और मेडल, अभिभावक भी रहे मौजूद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, सर्वोदय विद्या मंदिर कोरारी गिरधर शाह में अंक पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान हर कक्षा के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सूर्यभान द्विवेदी ने कक्षा प्रथम की छात्रा समृद्धि पांडे को मोमेंटो व मेडल से सम्मानित किया। उन्होंने अभिभावकों को बेहतर शिक्षा एवं सुविधा का आश्वासन दिया। साथ



ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही। नर्सरी कक्षा में आशुतोष सिंह प्रथम और श्रेयांश शुक्ल द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा प्रथम में मोहम्मद अर्श द्वितीय और विष्णु तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा द्वितीय में राघव तिवारी प्रथम, उत्कर्ष पांडे द्वितीय और अथर्व मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तृतीय में समृद्धि द्विवेदी प्रथम, आकांक्षा द्वितीय और दृष्टि तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा चतुर्थ में अदिति मिश्रा प्रथम और देवांश कश्यप द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा पंचम में मयंक पांडे प्रथम, रुद्र प्रताप मिश्र द्वितीय और त्र्यंबकेश्वर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छह में अंकिता पांडे प्रथम, आस्था त्रिपाठी द्वितीय और हर्षित यादव तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा सात में उज्जवल द्विवेदी प्रथम, अंशिका पांडे द्वितीय और मानस सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

# शराब की बोतल पर फ्री ऑफर का विरोध

## आप कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन, कहा- योगी सरकार युवाओं को नशे की लत में धकेल रही

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश में एक शराब की बोतल खरीदने पर एक बोतल मुफ्त की सरकारी नीति के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। तिकोनिया पार्क में जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति के नेतृत्व में



कार्यकर्ता एकत्र हुए। जिला प्रभारी मो अख्तर और जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति ने कहा कि योगी सरकार इस नीति से प्रदेश की जनता को नशे में डुबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इससे नई पीढ़ी बेरोजगार होगी। पार्टी ने इस बंपर ऑफर को तुरंत बंद करने की मांग की। महासचिव रामबिलास तिवारी और मीडिया प्रभारी अनुज दुबे ने शराब को समाज के लिए अभिशाप बताया। उन्होंने कहा कि शराब के कारण समाज में अपराध और हिंसक गतिविधियां बढ़ रही हैं।

# मथुरा में बिजली विभाग की लापरवाही

## हाई वोल्टेज तार टूटने से गेहूं की फसल जली, ग्रामीणों ने बचाई अन्य फसलें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, नोहझील थाना क्षेत्र के गांव मानाघड़ी में एक बड़ा हादसा हुआ है। किसान जीतू सिंह के खेत में हाई वोल्टेज तार टूटकर गिरने से गेहूं की फसल में आग लग गई। जैसे ही खड़ी फसल में आग लगने की सूचना किसानों तक पहुंची तो सैकड़ो की संख्या में किस घटना स्थल की ओर दौड़ गए और आसपास के किसानों और ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पानी और ट्रैक्टरों की मदद से आग पर काबू पाया। इससे अन्य खेतों को



नुकसान होने से बचा लिया गया। ग्रामीण लोहरे सिंह मास्टर ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि हाई वोल्टेज लाइन के तार जर्जर हालत में हैं। बिजली के खंभे भी काफी दूर-दूर लगे हैं। इससे तारों पर अधिक दबाव पड़ता है। ग्रामीण देवेंद्र सिंह और छोटू ने बताया कि इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। लेकिन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। किसान सुभाष चौधरी ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उन्होंने बिजली विभाग से तत्काल कार्रवाई की अपील की है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम महावन ने लेखपाल को मौके पर भेजा। नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।